RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525
# पाठकपक्ष
वर्ष : 36 | अंक : 237
हिसार | शनिवार, 25 नवम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए | पृष्ठ 6

## 2022 में पीएम मोदी की सुरक्षा में हुई थी बड़ी चूक, बठिंडा के एसपी को किया गया निलंबित

**पाठकपक्ष न्यूज, नई दिल्ली, 25 नवम्बर :** 5 जनवरी, 2022 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की पंजाब यात्रा के दौरान सुरक्षा चूक के संबंध में बठिंडा के एसपी गुरविंदर सिंह संघा को निलंबित कर दिया गया है। पंजाब गृह मंत्रालय ने शनिवार को सूचित किया। राज्य गृह मंत्रालय के अनुसार, फिरोजपुर में एसपी ऑपरेशंस के रूप में तैनात सिंह पर कर्तव्य में लापरवाही का आरोप लगाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा में चूक 5 जनवरी, 2022 को हुई, जब मोदी फिरोजपुर के हुसैनीवाला जा रहे थे। वह 5 जनवरी की सुबह बठिंडा में उतरे जहां से उन्हें हेलीकॉप्टर द्वारा हुसैनीवाला में राष्ट्रीय शहीद स्मारक जाना था।




# पीएम नरेंद्र मोदी ने तेजस में भरी 45 मिनट उड़ान, स्वदेशी विमान में उड़ने वाले पहले प्रधानमंत्री



**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 25 नवम्बर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय वायु सेना के तेजस विमान में शनिवार को उड़ान भरी। इसके साथ ही वह पहले ऐसे प्रधानमंत्री बन गए हैं जिन्होंने भारत के स्वदेशी विमान में पहली उड़ान भरी है।प्रधानमंत्री ने 45 मिनट तक तेजस में उड़ान भरी वह सहायक पायलट की सीट पर पायलट के ठीक पीछे बैठे थे। इसी सीट पर बैठा पायलट दुश्मनों को तबाह करने का काम करता है। उसके पास ही दुश्मनों पर निशाना साधने का काम होता है। हालांकि इस सीट से भी विमान को उड़ाया जा सकता है, लेकिन प्रमुख रूप से दुश्मनों को निशाना बनाने का काम ही पीछे बैठे पायलट के पास होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को बेंगलुरु में युद्धक विमान तेजस जेट की सुविधा सहित उसकी मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी की समीक्षा करने पहुंचे थे। इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने 615 एकड़ में फैले परिसर में बनाया है।

## निकाय मंत्री ने नागरिकों की सुनी जन समस्याएं, निदान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने आज कैनाल रेस्ट हाउस में नागरिकों की जनसमस्याएं सुनी और सम्बंधित अधिकारियों को फोन कर मौके पर ही अधिकतर समस्याओं का निदान करवाया। इसी दौरान सर्व शिक्षा कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल की ओर से निकाय मंत्री को ज्ञापन सौंप कर प्रदेश सरकार का ध्यान स्कूलों की समस्याओं व स्कूली शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने की ओर आकर्षित किया है। ज्ञापन में संघ ने कहा है कि एक तरफ तो स्कूलों में शिक्षकों की बड़ी कमी है, तो दूसरी तरफ शिक्षा विभाग में बड़ी संख्या में नियमित कर्मचारी एचएसएसपीपी में संविदा पदों पर तैनात हैं, जिनको समग्र शिक्षा के बजट का अधिकतर भाग इन पर खर्च हो जाता है। ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार गंभीरता से इन विषयों पर विचार कर समाधान करें। निकाय मंत्री ने संघ के प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को मुख्य मंत्री व शिक्षा मंत्री के सम्मुख रख कर समस्या का निदान करवाया जाएगा। निकाय मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश में 607 अनियमित कालोनियों को नियमित करने का निर्णय लिया गया है। जिससे कालोनियों में मूलभूत आवश्यकताओं को उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी नगर निगमो, नगर परिषदों नगर पालिकाओं को आदेश दिया गया है कि दुकानों की बिक्री के बाद तुरंत रजिस्ट्रियां करवाना सुनिश्चत करें। प्रोपर्टी आईडी की आपत्तियों का निबटान तुरन्त किया जाए। संपति कर व विभाग से सम्बंधित किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना नागरिकों को न करना पड़े इसके लिए कड़े निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर सुरेश गोयल धूप वाला, प्रवीण जैन, प्रवीण पोपली, महावीर जांगड़ा, पार्षद सतीश सुर्लिया, लोकेश असीजा, सुरेन्द्र सिंह सैनी, शुभम वलेचा आदि उपस्थित रहे।



## पाबड़ा गांव में भाईचारा सम्मेलन होगा कल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** पाबड़ा गांव में होने वाले भाईचारा सम्मेलन की तैयारियों के मद्देनजर आयोजन समिति द्वारा पाबड़ा गौशाला प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे पाबड़ा गांव के सरपंच दर्शन सिंह के अलावा सभी पांच गावों के वर्तमान सरपंच व पूर्व सरपंचों, पंचायत मेंबर, ब्लॉक समिति के सदस्यों तथा सभी बिरादरियों के प्रमुख परिवारों के सदस्यों ने हिस्सा लिया। पूर्व मंत्री प्रो. छत्रपाल सिंह के प्रेस सचिव रोशन शर्मा बालक के अनुसार 26 नवंबर को पाबड़ा के 5 गांवों के ऐतिहासिक चबूतरे पर 26 नवंबर को भाई चारा सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमे पूर्व मंत्री प्रो छत्रपाल सिंह को भाईचारा सम्मेलन को संबोधित करने के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति ने बताया कि भाईचारा सम्मेलन 26 नवंबर को 11 बजे होना निश्चित किया गया है। जिसके तहत आज आयोजन समिति के प्रमुख सदस्यों व क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने मिलकर सम्मेलन की रूपरेखा तैयार करने हेतु अपने अपने विचार रखे।

## केन्द्रीय भैंस अनुसंधान के उच्च गुणवत्ता वाले झोटे नेपाल भैंस पालकों की समृद्धि के लिए नेपाल स्थान्तरित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** नेपाल सरकार ने भारत सरकार से मांग की थी कि उन्हें मुर्रा झोटे चाहिए। अतः केन्द्रीय भैंस अनुसंधान सस्थांन ने विनिमय कार्यक्रम के तहत नेपाल को झोटे भेजे है। ताकि भैंस उत्पादकता में भारत का अनुसरण करते हुए नेपाल भी अपने पशुपालकों के लिए समृद्धि को रास्ता खोल सके। अतः भारत सरकार के नेपाल सरकार के समझोते के तहत 15 झोटे जिनकी माता का दूध 3000 किलो ग्राम से अधिक था उन्हें नेपाल सरकार को दिया गया। ये झोटे 23 नवम्बर को नेपालगंज पहुंच गए हैं। डॉ. राजेश कुमार गंगवा एवं टीम ने ये झोटे डॉ. माधव प्रसाद आर्यल संयुक्त सचिव, नेपाल सरकार को सौंपे गए। सभी अधिकारियों की उपस्थिती में झोटों को देखकर उन्हें बहुत खुशी जाहिर कि और भारत सरकार व केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान का आभार व्यक्त किया और फूलों की माला पहनाकर झोटों का स्वागत किया। झोटों को सही सलामत पहुंचाने के लिए संस्थान के निदेशक महोदय ने केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान की टीम की प्रशंसा एवं धन्यवाद किया। अब नेपालगंज में स्थित Quarantine unit में झोटों को रखा जाएगा जो एक औपचारिकता और आवश्यकता है। ये 40-45 दिन यहां रहेगे और इसके बाद नेपाल के तीन सीमन स्टेशन जोकि एक नेपालगंज, दूसरा लाहन और तीसरा पोखरा में स्थित है। वहां झोटे जाएगें और वहा इनके सीमन के टीकें बनाये जाएगें। इस मौके पर Quarantine officer डा. विनय कुमार, डा. शिवा नाथ, डा. भाजु राम, डा. मिलन कुमार, अन्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

## मजदूर छत से गिरा, सिर पर चोट लगने से मौत

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** हसार में पड़ाव चौक स्थित प्रताप नगर में प्रवासी मजदूर छत से गिर गया और सिर पर गहरी चोट लगने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर हिसार के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। मृतक का नाम गजाधर है वह मूल रूप से बिहार के भागलपुर जिले का रहने वाला था। मिली जानकारी के अनुसार मृतक गजाधर प्रताप नगर में किराए के मकान में रहता था वह शादीशुदा था और उसके तीन बच्चे हैं जो बिहार के भागलपुर जिले में ही रहते हैं हिसार में 7-8 सालों से चिनाई मिस्त्री का काम करता था। शुक्रवार देर रात वह फोन पर बात कर रहा था इस दौरान बात करते-करते वह छत की बाउंड्री पर बैठ गया इस दौरान अचानक बैलेंस बिगड़ने से छत से गली में जा गिरा। मृतक के परिजनों ने बताया कि हादसे के बाद उसे हिसार के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम हिसार के नागरिक अस्पताल में करवाया।

## पैदल जा रहे युवक को गाय ने पटका, पेट में मारे सींग, नागरिक अस्पताल में भर्ती



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** हिसार में श्यामलाल ढाणी में पैदल जा रहे 40 वर्षीय व्यक्ति को गाय ने टक्कर मार दी। इस दौरान गाय ने व्यक्ति के पेट में सींग मारा। इसके बाद उसे उठाकर पटक दिया।आसपास के लोगों ने गाय को वहां से भगाया जिसके बाद घायल व्यक्ति को हिसार के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। घायल व्यक्ति का नाम कुलदीप है वह इन्द्रा कालोनी का रहने वाला है। घायल कुलदीप ने बताया कि वह अपने घर से पैदल नई सब्जीमंडी जा रहा था इस दौरान जब श्यामलाल ढाणी के पास पहुंचा तो सड़क पर खड़ी गाय अचानक भागी हुई आई और सीधे पेट में सींग मारा इसके बाद उसे उठाकर पटक दिया। घटना के दौरान आसपास रहने वाले लोग वहां से गाय को भगाया। जिसके बाद राहगीरों ने उसे नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। घायल के अनुसार लोगों ने बताया कि यह गाय पहले भी कई लोगों पर हमला कर चुकी है। फिलहाल कुलदीप पेट में चोट लगी है। घायल कुलदीप का उपचार नागरिक अस्पताल में चल रहा है।

## हिसार में बढ़े चोरी के मामले, शाहपुर व रायपुर गांव में चोरों ने चुराए लाखों रूपए नकद व सोने-चांदी के आभूषण

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** हिसार के सदर थाना क्षेत्र के दो गांव में चोरी होने का मामला सामने आया है। दोनों जगह परिवार शादी में गए थे। इस दौरान कर पीछे से ताले तोड़कर नकदी और सोने चांदी के आभूषण चुरा कर ले गए। पहला मामला शाहपुर गांव का है जहां से चोर करीब 2 लाख रुपए और 4 से 5 तोले सोना चुरा कर ले गए। वहीं रायपुर गांव में ठेकेदारी का काम करने वाला प्रवीण अपने परिवार के साथ शादी में गया था रात को चोरों द्वारा ताले तोड़कर करीब डेढ़ लाख रुपये और सोने चांदी के आभूषण चुरा कर ले गए। फिलहाल पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज करते हुए आगामी कार्रवाई शुरू कर दी शिकायतकर्ता आनंद कुमार ने बताया कि वह शाहपुर गांव का रहने वाला है 23 नवंबर को रात 8:30 बजे पूरा परिवार आर्य नगर में शादी में गया था करीब 2 घंटे बाद वापस आए। इस दौरान घर पर बेड की चादर हटाई हुई मिली लेकिन चोरी का आभास नहीं हुआ इसके बाद पूरा परिवार सो गया। सुबह उसकी पत्नी ने आईफोन का चार्जर मांगा तो वह घर पर नहीं मिला वही इसके बाद चोरी का शक हुआ तो घर में रखे गहने और नगदी चेक किया तो उन्हें बैग से करीब 200000 रूपए और 4 से 5 तोले सोने के आभूषण गायब मिले। शिकायतकर्ता ने बताया कि शादी के बाद घर पहुंचने पर कोई भी सामान बिखरा हुआ नहीं मिला। ऐसे में 2 घंटे के अंदर चोरी कोई परिचित व्यक्ति ही कर सकता है फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए चोर की तलाश शुरू कर दी है।

वहीं दूसरे मामले में रायपुर गांव के रहने वाले प्रवीण कुमार ने बताया कि 23 नवंबर को पूरे परिवार के साथ वह अपने मां के लड़की की शादी में गांव सनियाना गया था सुबह करीब 9:00 बजे उसके चाचा रोशन का फोन आया कि तुम्हारे घर का ताला टूटा हुआ है सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचा तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा हुआ है अलमारी के लोकल टूटे मिले समान चेक करने पर अलमारी में रखें। शिकायतकर्ता ने बताया कि 7 ग्राम की तीन जोडी सोने की बालिया व 1 जोडी पाजेब,1 चैन चांदी की व चुटकी जोडी जिनका वजन लगभग 20 तोले व करीब 1 लाख 50 हजार रूपए नकद गायब मिले। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके घर में आठ कैमरे लगे हुए थे इस दौरान चोर सीसीटीवी कैमरा की द्वार और घर डिस्क ब्रार्ड कार्ड भी ले गए। फिलहाल सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मंत्री गुप्ता व मेयर सरदाना करेंगे फ्री मेडिकल कैम्प का शुभारंभ

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** सर्व समाज मोक्ष धाम ट्रस्ट, 12 क्वार्टर के तत्वाधान में 26 नवम्बर को प्रातः 9 बजे मोक्ष धाम आश्रम में लगने वाले फ्री मेडिकल चेकअप कैम्प में मुख्यातिथि के रुप में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता उपस्थित होंगे। अध्यक्षता नगर निगम के मेयर गौतम सरदाना करेंगे। ग्रीन हिसार फिट हिसार और प्रयत्न एनजीओ के सहयोग से लगाये जाने वाले इस कैम्प में अनेक अनुभवी व वरिष्ठ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। ट्रस्ट के प्रवक्ता ने बताया कि कैम्प में डॉ. पुनीत गोयल मेडिसिन, डॉ. मीनाक्षी बंसल महिला रोग विशेषज्ञ, डॉ. नेहा गोयल दंत चिकित्सक, डॉ. चेतना बंसल त्वचा रोग विशेषज्ञ, डॉ. अंकित मदान हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. सुनील सैनी बवासीर रोग विशेषज्ञ, डॉ. अजीत टेलटिया बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. नरेश जांगड़ा फिजियोथैरेपिस्ट, सत्यपाल अग्रवाल लाइफ काउंसलर आदि रोगियों की निःशुल्क जांच करेंगे व उचित परामर्श देंगे।









# सम्पादकीय..........

## सिर्फ नारों से आधी आबादी की सुरक्षा नहीं हो सकती

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने वैश्विक स्तर पर महिलाओं और बच्चियों की लैंगिक आधार पर हत्याओं की जो ताजा रिपोर्ट जारी की है, वह बेहद भयावह और चिंताजनक है। आधारभूत और बौद्धिक विकास के उच्च स्तर पर पहुंचने वाली दुनिया की वास्तविक तस्वीर वाकई सभी को झकझोरने वाली है। इस युग में भी आधी आबादी में इतना डर हो कि वह अपना जीवन मनमुताबिक भी नहीं जा पा रही, इससे ज्यादा बुरा और शर्मनाक क्या हो सकता है। एक तरफ दुनिया चांद पर पहुंच रही है, वहीं दूसरी ओर कई महिलाएं और बच्चियां असमय मौत के आगोश में समा जाती हैं। इन हालात के लिए बहुत हद तक पितृसत्तात्मक मानसिकता जिम्मेदार है। यह मानसिकता महिला को अपनी संपदा और बपौती मानती है। ऐसी मानसिकता के पुरुष महिलाओं के साथ मनमानी करना अपना अधिकार समझते हैं। 89 हजार हत्याएं बड़ा आंकड़ा है। दो दशक का सबसे बड़ा आंकड़ा। इसमें 55 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में पार्टनर या दूसरे परिजनों का जिम्मेदार होना दर्शाता है कि लडक़ी अपने घर में ही सुरक्षित नहीं है। यह बहुत ही गंभीर बात है। यदि आधी आबादी अपने घर में ही सुरक्षित नहीं होगी तो उसे बाहर कैसे सुरक्षा मिल सकती है। यह इस बात का खुलासा भी है कि असमानता, अत्याचार, अन्याय और महिला सशक्तीकरण के नियम-कायदे और कानून दिखावटी भले ही न हों, लेकिन कमजोर तो जरूर हैं। ऐसे मामलों में सामान्यतः अशिक्षा को जिम्मेदार माना जाता है। लेकिन, अमरीका और सर्वाधिक शिक्षित, महिला अधिकारों के प्रति सजग व इनके प्रबल पैरोकार यूरोपीय देशों में भी ऐसे प्रकरण बड़ी संख्या में सामने आना साबित करता है कि समस्या वाकई गंभीर है। इस मुद्दे को भारतीय दृष्टिकोण से देखना भी जरूरी होगा, क्योंकि स्थिति यहां भी संतोषजनक नहीं है। भारतीय संस्कृति में नारी को देवी के रूप में पूजा जाता है, पर वही नारी घर में भी सुरक्षित नहीं है। परिजनों के हाथों घरेलू हिंसा, दहेज हत्या, ऑनर किलिंग, दुष्कर्म और नव प्रचलित 'लिव इन' में जान गंवाने के मामले यहां भी चिंताजनक स्तर पर हैं। स्वाभाविक तौर पर इस अत्यंत गंभीर समस्या को दूर करने के लिए उपाय भी उतने ही गहन, व्यापक और दीर्घकालीन करने होंगे। लड़के-लड़की के बीच भेदभाव को दूर करने के जतन बढ़ाने होंगे। इसके लिए समाज और सरकार को आगे आना होगा। महिला सशक्तीकरण के मार्ग में आ रही बाधाओं को खोजकर उन्हें दूर करना होगा। महिला सुरक्षा कानून की मजबूती और धरातल पर इनका क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करना होगा। सिर्फ नारों से आधी आबादी की सुरक्षा नहीं की सकती।

# प्रभु में करें अपना समय निवेश, यही है सही ध्यान लगाना

**अध्यात्म**

युगों-युगों से सभी धर्मशास्त्र हमें बताते चले आए हैं कि हम इस दुनिया में सांसों की सीमित संख्या के साथ पैदा होते हैं। यानी जन्म के साथ ही हमारी उम्र एक निश्चित समय सीमा में बंधी होती है। हम अपनी सांसों की संख्या को एक बैंक के खाते या पूंजी की तरह समझ सकते हैं और यह पूंजी हमें पिता-परमेश्वर की तरफ से दी गई है। हम निर्णय करें कि हमें अपनी इन सांसों की पूंजी को कैसे खर्च करना है? अपनी इस पूंजी को हम समझदारी से भी खर्च कर सकते हैं और लापरवाही या मूर्खता के साथ भी खर्च कर सकते हैं।

जब हम समझदारी से अपनी सांसों की पूंजी का सही इस्तेमाल करते हैं, तो उसे पिता-परमेश्वर की ओर निवेश करना करते हैं। तब एक हम सच्चा निवेश कर रहे हैं और भविष्य में हमें इसका अद्भुत लाभ प्राप्त होगा। यह निवेश एक ऐसी मिठास का अहसास लाता है जो इस दुनिया की किसी भी वस्तु में नहीं मिल सकता है। जब हम मिठाई या गुड़ खाते हैं तो उसकी मिठास तभी तक बनी रहती है, जब तक वह हमारी जिह्वा पर रहती है, लेकिन यह मिठास हमेशा बनी रहती है। सभी धर्मशास्त्र हमें समझाते हैं कि प्रभु में अपना समय निवेश करने का मतलब है कि हम अपना ध्यान सही दिशा में केंद्रित कर रहे हैं और अपने समय का उपयोग उस उद्देश्य को पूरा करने के लिए कर रहे हैं, जिसके लिए हम सब इस दुनिया में आए हैं। दुनिया में आने का हमारा उद्देश्य अपने आपको जानना और पिता-परमेश्वर को पाना है। इस उद्देश्य को सिर्फ ध्यान-अभ्यास के माध्यम से ही पा सकते हैं। जैसे ही हम अंतर में ध्यान टिकाते हैं, उस दिव्य-शक्ति से जुड़ने लगते हैं जिसने सारी सृष्टि की रचना की है। तब हमारी आत्मा परमात्मा को पहचानती है और हम प्रभु के प्रेम, खुशी और आनंद को पा लेते हैं। वह आनंद, वह खुशी ऐसी होती है जिसकी हमने कभी कल्पना भी नहीं की थी। यदि हम आत्मा का वैभव, उसकी चमक देखना चाहते हैं तो प्रतिदिन कुछ समय के लिए ध्यान-अभ्यास अवश्य करें। ध्यान-अभ्यास में जीवन के कुछ पल नियमित रूप से बिताने पर हमें एक शक्ति मिलती है, जो हमें अपने उस लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करती है। प्रत्येक दिन कुछ समय ध्यान-अभ्यास में बैठने पर हम पाएंगे कि हम अपने समय का उपयोग हमेशा आध्यात्मिक लाभ के लिए कर रहे हैं।

आध्यात्मिक जागृति होने के साथ ही प्रभु के लिए हमारा प्रेम गहरा हो जाता है। जैसे-जैसे प्रभु से हमारा प्रेम गहराता जाता है हम भीतर से परिवर्तित होते जाते हैं। हम प्रभु के प्रेम से ओत-प्रोत हो जाते हैं, आत्मा पर चढ़े मोह-माया और जड़ता के पर्दे हटते हैं। हमारा ध्यान बाहर की दुनिया से हटकर ध्यान-अभ्यास की विधि पर लगना शुरू हो जाता है। आध्यात्मिक सत्गुरु के मार्गदर्शन से हमारे जीवन और मृत्यु के रहस्य खुलते हैं और हमारी आत्मा परमात्मा के पास वापस जाने का रास्ता प्राप्त करती है।

जीवन के वास्तविक लक्ष्य को पाना है, तो आइए! ध्यान-अभ्यास और निरंतर परमात्मा की याद करके अपने सांसों की इस पूंजी का समझदारी से निवेश करें। इससे हम अपनी आत्मा को परमात्मा के पास पहुंचाने का सुरक्षित मार्ग पा सकते हैं, जो कि हमारे मनुष्य जीवन का मुख्य ध्येय है।

# सुण मौल्लड़ की



राजस्थान में पार्टियां वोट खरीद रही हैं।

वोट बेचण अर खरीदण आले लोकतंत्र अर देस के दुश्मन सैं।

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** राह में आ रही मुश्किलें सूझ-बूझ से हल करेंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात सुखद रहेगी। नए सौदे हाथ आने के आसार।

**वृषभ :** मन में चिंता बनी रहेगी। लोगों को अपने विरूद्ध खड़ा पाएंगे। आलोचनाओं का सामना करना पड़ेगा। दुर्गा माता की पूजा करें।

**मिथुन :** लोग आपके व्यक्तित्व की प्रशंसा करेंगे। उपहार प्राप्त होने की संभावना। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**कर्क :** व्यापारिक सौदे हाथ आने की संभावना। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। अनुभवी लोगों का साथ सफलता दिला सकता है।

**सिंह :** मनचाही सफलता की राह आसान होगी। राजकीय मामलों में पक्ष मजबूत होगा। पूर्व में किए गए निवेश से लाभ होगा।

**कन्या :** कोई भी नया कार्य आरंभ न करें। पूंजी निवेश करने से बचें। हो सके तो यात्रा को टाल दें। गाय माता की सेवा करें।

**तुला :** प्यार के मामले में सफलता मिलेगी। अविवाहित विवाह की चर्चाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। मौज मस्ती में दिन व्यतीत होगा।

**वृश्चिक :** वितीय लेन-देन संबंधी मामलों में सावधानी बरतें। अत्याधिक गुस्सा करने से बचें। महत्वपूर्ण निर्णयों को टाल दें। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**धनु :** परिवार व बच्चों का सहयोग प्राप्त होगा। मित्रों के साथ संबंधों में मधुरता रहेगी। मन प्रसन्न होगा।

**मकर :** अनावश्यक विवादों से दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर तनाव बना रहेगा। कूटनीति का शिकार हो सकते हैं। भगवान गणेश जी की पूजा करें।

**कुंभ :** दिन शुभ रहेगा। प्रत्येक कार्य में सफलता मिलेगी। यात्रा से लाभ होगा।

**मीन :** अधिकारी वर्ग का सहयोग प्राप्त होगा। आर्थिक लाभ होने की संभावना। आय में नए साधन बनेंगे।

**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय की रेड क्रास यूनिट एवं जिला रेड क्रास हिसार एवं एच.डी.एफ.सी. बैंक के संयुक्त तत्वाधान में विगत दिवस महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सिविल अस्पताल से डॉ योगेश दिनोदिया एवं उनकी टीम ने इस कैंप का सुचारू रूप से संचालन किया। एच.डी.एफ.सी. बैंक, जिन्दल चैक, हिसार से उपाध्यक्ष श्री रमेश बेनीवाल, वरिष्ठ प्रबन्धक श्री आशू वर्मा एवं संयोजक श्री विजय कुमार एवं उनकी टीम उपस्थित रही। इस अवसर पर कार्यावाहक प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी महाजन, वरिष्ठ प्राध्यापिका श्रीमती सुषमा अग्रवाल ने रक्तदान करने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इस पावन कार्य से हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। कैंप में महाविद्यालय की छात्राओं के साथ-साथ शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग ने भी रक्तदान किया। कैंप के दौरान महाविद्यालय की विभिन्न ईकाइयों के प्रभारी डॉ. संगीता शर्मा, डॉ. कैलाश, डॉ. पल्लवी आर्या, श्रीमती अल्पना गुप्ता, श्रीमती सुनीता रहेजा अन्य प्राध्यापकगण व गैर शिक्षक वर्ग भी उपस्थित रहे।

# वायदा चाहे स्वयं से करें या दूसरों से, उसके प्रति सत्यनिष्ठ रहेंगे तो उसे निभाने की शक्ति मिल ही जाती!

**-पाठकपक्ष डेस्क-**



हम अपने से व दूसरों से प्रतिज्ञा, प्रोमिस व प्रण बहुत जल्दी कर लेते हैं और जितनी जल्दी और आसानी से कोई प्रण लेता है, कहते हैं उन्हें तोड़ने में भी उतनी ही जल्दी करते हैं। दिन में अपने आप को बदलने के लिए,न जाने कितनी बार हम अपने आप से कहते हैं कि ऐसा करेंगे या आगे से ऐसा नहीं करेंगे,पर वक्त पड़ते ही, सब भूल जाते हैं और फिर पुराने ढर्रे पर आ जाते हैं। जरुरी नहीं कि यह संकल्प हमारे बड़ी-बड़ी बातों के बारे में हो, छोटी छोटी बातें जैसे कि आज केवल फलाहार करेंगे, पर सुबह नाश्ते में परांठे आते ही,उन पर टूट पड़ते हैं, याद ही नहीं रहता कि आज तो फलाहारी रहना था, मतलब हमारे खान-पान और सोने, बोलचाल संबंधी जो पैटर्न बन गये है या बना लिए हैं, उनमें भी परिवर्तन करना मुश्किल जान पड़ता है, फिर अपने में बड़े बदलाव की प्रतिज्ञा और प्रण के तो क्या ही कहने! दरअसल सारा मदार हमारी सत्य निष्ठा यानी कमिटमेंट पर होता है। अगर हमें बदलाव की आवश्यकता अंदर से महसूस होती है, हमारे अंदर से आवाज आती है कि बस बहुत हो चुका, अब ऐसा नहीं होगा, मतलब हम उस बदलाव के लिए गंभीर होते हैं हम प्राणपन से उस आदत अथवा संस्कार को बदलना चाहते हैं तो फिर अपने आप से किए गए प्रण, अपने आप से किए गए वायदे तथा दूसरों को दिए गए वचन,सब को निभाना आसान हो जाता है,तब सब कुछ संभव होता है, उन्हें पूरा करने की शक्ति भी आ जाती है। गांधी जी के जीवन के अनेक प्रसंग है जिसमें उन्होंने अपनी सत्य निष्ठा के अनेक प्रयोग किए, एक बार अहमदाबाद में कोचरव नामक स्थान पर आश्रम में एक स्कूल चल रहा था, वहां एक शिक्षक ने गांधी जी से एक बालक की शिकायत की। गांधी जी ने बालक को बुला कर पूछा, 'तुम अपने अध्यापक को परेशान करते हो?' बालक ने कहा कि, 'बापू, मेरा दोष नहीं होने पर भी मास्टर जी ने मुझे बीस बार उठक बैठक का दंड सुना दिया, मैं ग़लत आदेश को क्यों मानूं?' गांधी जी ने शिक्षक से पूछा 'आप समझते हैं कि सज़ा के आदेश का पालन होना ही चाहिए' शिक्षक बोला, 'जी हां, जरूरी है, अमल नहीं होगा तो बालक उदंड हो जाएंगे।' गांधी जी ने फैसला सुनाया, 'तब ठीक है, अगर विद्यार्थी नहीं मानता तो आप स्वयं बीस बार उठक बैठक करें।' अब मास्टरजी कन्नी काटते दिखे तो गांधी जी बोले, 'यह बालक और आप दोनों ही उठक बैठक को तैयार नहीं है तब यह दंड मैं भोगूंगा, मैं उठक बैठक करुंगा।' यह कह कर गांधी जी जैसे ही उठक बैठक के लिए तैयार हुए तो बालक बोल उठा, 'आप रहने दीजिए, मैं सजा भुगतने को तैयार हूं' तैयार तो शिक्षक भी हो गये थे लेकिन तब तक बालक ने उठक बैठक शुरू कर दी थी। कहने का अभिप्राय यह कि जब तक हम अपने प्रति सच्चे नहीं बनते, मतलब जो हम आदेश दे रहे हैं स्वयं को या दूसरों को, उसे सत्य निष्ठा से लागू नहीं करना चाहते तो उन पर अमल करना मुश्किल हो जाता है।

**-डॉ. कमलेश कली**

# कर्म का मर्म

## स्वामी विवेकानंद का ज्ञान

एक बार स्वामी विवेकानंद अपने आश्रम में सुबह-सुबह एक छोटे से पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। उसी समय एक युवक उनके पास आया और अपनी परेशानी बताते हुए कहने लगा, 'स्वामी जी, मैं बहुत परेशान हूं। मैं मेहनत करता हूं, पर मुझे सफलता नहीं मिलती है। मैंने हर उपाय करके देख लिया, कोई रास्ता नहीं सूझता। पढ़-लिखकर भी मुझे भटकना पड़ रहा है। कृपया आप मेरी मदद करें।' स्वामी जी उसकी परेशानी समझ गए। उन्होंने कहा, 'भाई तुम दूर तक मेरे कुत्ते को सैर करा दो, मैं तुम्हारे प्रश्नों का जवाब दे दूंगा।'



युवक हैरान था कि उसकी समस्या का समाधान और कुत्ते को टहलाने में क्या संबंध हो सकता है। लेकिन स्वामीजी की बात मानकर वह कुत्ते को लेकर टहलाने निकल गया। लगभग एक-डेढ़ घंटे तक कुत्ते को टहलाने के बाद युवक आश्रम में लौटा। आश्रम में स्वामी जी एक जगह बैठे थे। उन्होंने देखा कि युवक के चेहरे पर थकावट नहीं है, पर कुत्ता जोर-जार से हांफ रहा है। स्वामी जी ने युवक से पूछा, 'तुम्हारे चेहरे पर तो थकावट नहीं दिख रही है, पर ये कुत्ता इतना हांफ क्यों रहा है?' युवक ने जवाब दिया, 'स्वामी जी, मैं तो इसके पीछे-पीछे चल रहा था। पर यह कभी इधर भागता था, कभी उधर। कभी किसी का पीछा करता था, तो कभी किसी के ऊपर भौंकता था। यह दौड़ते-दौड़ते थक गया।'

स्वामी जी ने युवक से कहा, 'देखो, इसी में तुम्हारे प्रश्न का उत्तर है। दूसरों का पीछा करते हुए, इधर-उधर भागते हुए तुम थक गए हो। तुम्हें क्या करना है, यह तुम्हें पता होना चाहिए। ज्यादा भागदौड़ से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। तुम्हारी सफलता तुम्हारे आसपास ही है। तुम्हें अपनी क्षमता पहचानकर लक्ष्य पर सारी ऊर्जा केंद्रित कर काम में लग जाना होगा। तुम्हें सफलता अे वश्य मिलेगी।' युवक स्वामी जी के उत्तर से संतुष्ट था।

**विहिप ने जिला व नगर की टीम घोषित की**

# श्याम सोनी बने विहिप नगर अध्यक्ष व महेन्द्र सिंह बने बजरंग दल संयोजक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** विश्व हिंदू परिषद ने बैठक कर जिले की व नगर की टीम घोषित की है। परिषद की बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान डॉ. राजेन्द्र गुप्ता ने की। जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र गोयल ने बताया कि टीम में रमाशंकर को मठ मंदिर प्रमुख, श्याम सोनी बगला वाले को नगर अध्यक्ष, यशपाल गुसाई को सत्संग प्रमुख, महेन्द्र सिंह को प्रखंड संयोजक बजरंग दल, संतोष शर्मा सह जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी, ममता सोनी नगर संयोजिका दुर्गा वाहिनी व अशोक तिलकधारी को जिला सम्पर्क प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। बैठक में अयोध्या में अगले साल 22 जनवरी को राम मंदिर के होने वाले उद्घाटन समारोह में जाने के लिये चर्चा की गई। गोयल ने नई टीम को बधाई देते हुए अयोध्या मंदिर के उद्घाटन के उपलक्ष्य में नगर व जिला के गांवों में निकलने वाली कलश यात्रा में बढ़ चढ़ भाग लेने का आह्वान किया। विहिप की अगली बैठक 3 दिसम्बर को होगी।

# स्वर्गीय नरेन्द्र भारद्वाज की 28 नवंबर को दूसरी पुण्य तिथि के अवसर पर एसडी महिला महाविद्यालय में होगा विशाल रक्तदान शिविर

**पाठकपक्ष न्यूज**



**हांसी, 25 नवम्बर :** हांसी से वरिष्ठ पत्रकार रहे स्वर्गीय नरेन्द्र भारद्वाज की दूसरी पुण्य तिथि पर उनकी याद में 28 नवंबर को सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन एसडी महिला महाविद्यालय में अयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए पत्रकार ललित भारद्वाज ने बताया कि रक्तदान शिविर में शहर की विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठन के सदस्य मौजूद रहेंगे। वहीं कार्यकर्म की सहयोगी प्रकृति मित्र संस्था के सचिव शिव शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय नरेन्द्र भारद्वाज ने 30 वर्ष की पत्रकारिता में उन्होंने आम आदमी की आवाज को बुलंद करने का काम किया था। उन्होंने बताया कि आज नरेंद्र भारद्वाज हमारे बीच में नही मगर उनकी यादें हमारे दिलो में आज भी जिंदा है। उन्होंने कहा कि आज भी उनकी कलम की गूंज हमारे दिलों को छू रही है। उन्होंने बताया कि नरेन्द्र भारद्वाज के परिवार ने जो रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया है वह एक सराहनीय कदम मै। उन्होंने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं। उन्होंने लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में रक्तदान शिविर में शामिल होकर पुण्य के भागी बने।

# लुवास में आदित्य मलिक बने निजी सहायक

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के कुलसचिव कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार विश्वविद्यालय में कार्यरत श्री आदित्य मलिक, सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर को निजी सहायक के पद पर पदोन्नत किया गया। पदोन्नति के आदेश 23 नवम्बर को विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ सुरेन्द्र सिंह ढ़ाका के द्वारा दिए गए। इस अवसर पर कुलसचिव ने श्री आदित्य मलिक को बधाई दी और आशा व्यक्त करते हुए कहा कि वह भविष्य में और अधिक लगन से विश्वविद्यालय की सेवा करेगें। इस अवसर पर श्रीमति शशी बाला, श्री राकेश सैनी, श्री प्रदीप लांबा व श्री विवेक चौपड़ा आदि मौजूद थे।




DHANWANTARI
Ayurvedic Centre
स्वस्थ भारत अभियान

- शुगर
- मोटापा
- बी.पी.
- कॉलस्ट्रोल
- जोड़ों का दर्द
- स्त्री रोग
- चमड़ी रोग
- पाचन रोग
- पुरूषत्व रोग
- सांस की एलर्जी
- नशे की आदत
- लीवर व किडनी रोग
- ह्रदय रोग
- एड्स
- थाईराईड
- घुटनों का दर्द
- नसों की ब्लोकेज
- बवासीर
- न्यूरो रोग



Lion Surinder Chhinda
DIAMOND
& Health Consultant

शराब छुड़वाने के लिए फ्री परामर्श

शराब, बीड़ी सिगरेट, तम्बाकु व हर प्रकार का भयानक नशा छुडाया जाता है

डेंगु बुखार में प्लेटलेट बढ़ाने की ब्रहामस्त्र दवाई दी जाती है 100 प्रतिशत ईलाज

बिना दवाई के कैसे निरोग रहा जाए इसके लिए हैल्थ टिप्स दिए जाते हैं।

गुर्दे की पत्थरी का शर्तिया ईलाज बिल्कुल फ्री ईलाज कोई फीस नहीं ली जाती।

इन सभी बिमारियों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए उच्च क्वालिटी की आयुर्वेदिक दवाईयां उपलब्ध है।

अगर सदा स्वच्छ रहना है तो पानी स्वच्छ व अच्छा होना चाहिए
आयूरजल आपको देगा पहाडो व झरनो जैसी अलग लाईन पानी के लिए सम्पर्क करें

हमारे यहां पर देसी गाय का 100% शुद्ध घी उचित रेटो पर उपलब्ध है।

M/s NAIRA HEALTH CARE
29, Kali Mata Mandir Road,
Bank Colony, Hisar 125001 (Haryana)
M. 92155-82868



|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art

राम
muse-II

Multi Designer Store
Above Lovely Salon, Gurudwara Road,
Model Town, Hisar
Mob.: 8607224444, 8222035555

# जीजेयू पहुंचे राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, शोधार्थियों के साथ किया विमर्श

## प्रदेश की उन्नति के लिए शोध करें शोधार्थी, सत्य को प्राप्त करने के लिए किया जाता है शोध : बंडारू दत्तात्रेय






**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** हरियाणा के राज्यपाल एवं गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कुलाधिपति माननीय श्री बंडारू दत्तात्रेय ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय के शोधार्थियों से 'राष्ट्र के विकास और प्रगति में शोध की भूमिका' विषय पर विमर्श किया। उन्होंने शोधार्थियों से उनके शोध की सामाजिक उपयोगिताओं को जाना तथा उन्हें समाज उपयोगी शोध के लिए प्रेरित किया। माननीय राज्यपाल ने शोधार्थियों से शोध के दौरान आने वाली चुनौतियों व समस्याओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने यह जानने व समझाने का प्रयास किया कि शोध को और अधिक समाज उपयोगी किस प्रकार से बनाया जाए। यह विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार के सेमिनार हॉल-1 में हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर उपस्थित रहे।

माननीय राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा है कि शोध सत्य को प्राप्त करने के लिए किया जाना चाहिए। हरियाणा प्रदेश के शोधार्थियों को ऐसा शोध करना चाहिए जो प्रदेश के लिए सर्वाधिक उपयोगी हो। स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हो। शोध कार्य के दौरान मिलने वाली विफलताओं से विचलित ना हों। कार्य पूरे होने तक दृढ़ विश्वास के साथ शोध करते रहें।

हरियाणा के राज्यपाल माननीय श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया था। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने 'जय जवान जय किसान जय विज्ञान' का नारा दिया। देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नया नारा 'जय जवान जय किसान जय विज्ञान जय अनुसंधान' का नारा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है। आप सब भी भारत को विश्व गुरु बनाने में लगे हुए हैं। उन्होंने खुशी व्यक्त की कि शोधार्थियों में ज्यादातर महिला शोधार्थी हैं। कोई देश तभी आगे बढ़ सकता है, जब उस देश की महिलाएं आगे बढ़ेंगी।

शोधार्थियों को सम्बोधित करते हुए माननीय राज्यपाल ने कहा कि धन की कमी से शोध कार्य में कोई भी बाधा नहीं आने दी जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति शोध के दौरान आने वाली हर समस्या का समाधान करेंगे। कुलाधिपति महोदय ने शोधार्थियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि शोध के प्रति गहन जिज्ञासा होनी चाहिए। जिज्ञासा से ही शोध के लिए प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि शोध का उद्देश्य नौकरी पाने वाले की बजाय नौकरी देने वाला बनना होना चाहिए। अपने स्वयं के अनुभव सांझा करते हुए उन्होंने बताया कि उन्हें आरंभ में एक बैंक में नौकरी मिली थी, लेकिन उन्होंने नौकरी की बजाए समाज सेवा को चुना। शोधार्थी में समाज सेवा की भावना होनी चाहिए। समाज सेवा की भावना से उच्च ज्ञान प्राप्त होता है और कार्य में कोई बाधा नहीं आती। माननीय राज्यपाल ने शोधार्थियों को नई तकनीकों से अवगत रहने के लिए भी कहा उन्होंने कहा कि वे जितना कौशलयुक्त होंगे उन्हें उतना बेहतर कार्य मिलेगा।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अपने स्वागत सम्बोधन में राज्यपाल महोदय को विश्वविद्यालय की उपलब्धियों व विकास यात्रा की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आदि पर्यावरणविद् एवं संत गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के नाम पर स्थापित यह विश्वविद्यालय गत 28 सालों से गुरु जी के पर्यावरण संरक्षण तथा अन्य सिद्धांतों की स्थापना करते हुए प्रगति के नए आयाम छू रहा है। 372 एकड़ में फैले इस विश्वविद्यालय में 4000 से अधिक पेड़ हैं। विश्वविद्यालय की एपीजे अब्दुल कलाम सैंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन लैब हरियाणा तथा आस-पास के राज्यों को भी प्रायोगिक सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि एनआईआरएफ रैंकिंग में विश्वविद्यालय का देश में उच्च स्थान है। विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से कई क्षेत्रों में स्वायतता मिली हुई है। विश्वविद्यालय में शोध को बढ़ावा देने के लिए मेरिट फैलोशिप की प्रति विभाग संख्या दो कर की गई है। फैलोशिप की राशि भी तीन गुणा बढ़ाई गई है। साथ ही गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के नाम पर 50 नई फैलोशिप शुरू की गई हैं। दस यूजी कोर्स तथा दस पीजी कोर्स नई शिक्षा नीति के तहत शुरू किए गए हैं। पांच नए विभाग भी इसी वर्ष स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक तथा शोध सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य कौशलयुक्त मानव संसाधन तैयार करना तथा देश की उम्मीदों पर खरा उतरना है।

विमर्श के दौरान शोधार्थियों ने माननीय कुलाधिपति महोदय ने शोधार्थियों से व्यक्तिगत रूप से भी संवाद किया तथा शोध विषयों के बारे में जानकारी ली। विभिन्न विभागों से आए शोधार्थियों ने राज्यपाल महोदय के समक्ष विश्वविद्यालय की शोध व्यवस्थाओं का वर्णन भी किया। राज्यपाल महोदय ने खुशी जाहिर की कि गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अच्छा शोध कार्य चल रहा है। विमर्श सत्र का संचालन डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. संजीव कुमार ने किया।

# श्रेष्ठ विद्यार्थी वह जो पृथ्वी जैसा सहनशील, अग्नि जैसा तेज व जल जैसा पवित्र हो : तपोमूर्ति पृथ्वीराज



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** अणुव्रत समिति के राष्ट्रव्यापी तीन दिवसीय आचार्य महाप्रज्ञ अलंकरण दिवस (जीवन विज्ञान दिवस) के दूसरे दिन सेवा भारती हाई स्कूल, सत्य नगर, हिसार में अणुव्रत अनुशास्ता आचार्यश्री महाश्रमण के सुशिष्य तपोमूर्ति मुनिश्री पृथ्वीराज के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अणुव्रत समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अणुव्रत गीत से हुआ इसकी अध्यक्षता प्राचार्य अमृतलाल जालन्धरा ने की। मंच संचालन सतपाल शर्मा ने किया तथा अनिल जैन उपाध्यक्ष, इंद्रास पांडे, राजकुमार सोनी और स्कूल का स्टाफ इस अवसर पर उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए तपोमूर्ति पृथ्वीराज ने कहा कि श्रेष्ठ विद्यार्थी वह होता है जो पृथ्वी जैसा सहनशील हो, अग्नि जैसा तेज हो, जल जैसा पवित्र हो, वायु जैसा ठंडा हो और चीनी जैसा मधुर हो। श्वेत घुलन-मिलन स्वभाव से स्वस्थ चिंतन, मधुर व्यवहार, विवेकपूर्ण व्यवहार हो वह विधार्थी अपने जीवन में अच्छी योग्यता प्राप्त कर सकता है। विद्यार्थी के लिए समय का सही प्रबन्धन करना अनिवार्य है। मुनिश्री ने कहा कि आज के युग में छात्र-छात्राओं के लिए किताबी शिक्षा की जितनी आवश्यता है। सत्संस्कार उससे भी अधिक जरूरी है। अच्छे विचार व्यक्ति की जीवन की दशा और दिशा दोनों बदल सकते हैं। मुनिश्री ने कहा कि सादा जीवन उच्च विचार मानव जीवन का श्रृंगार होता है। अपने जीवन को प्रयोगशाला बनाएं, ताकि उसे जीवन जीने की कला सीख सकें। स्वस्थ समाज रचना के लिए स्वस्थ एवं संतुलित व्यक्तित्व निर्माण की अपेक्षा है। विद्यार्थियों का सर्वांगिण विकास शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, बौद्धिक चारों का संतुलन हो। विद्यार्थिओं में समाज के प्रति दायित्व बोध, मानवीय मूल्यों का विकास, नैतिक मूल्यों कि वृद्धि व चारित्र विकास अति आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि ज्ञान वृद्धि के लिए 'ऊँ ही णमों णाणस्य' का जाप 21 बार करना चाहिए। जीवन विज्ञान बच्चों को संस्कारी बनाता है। अनुशासन हीनता के प्रदूषित वातावरण में, जीवन विज्ञान अनुशासित बनना सिखाता है। अपने संवेगों पर नियंत्रण करने की पद्धति सिखाता है। मादक वस्तुओं से छुटकारा मिलता है। सामाजिक व्यवहार को मधुर बनाता है। वर्तमान युग में मानव मूल्यों का ह्रास होता जा रहा है। जीवन विज्ञान के माध्यम से इसकी पुनर्स्थापना कर वापस कर सकते हैं।

# मोगा देवी मिंडा मेमोरियल स्कूल बगला, हिसार में हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

## बच्चों ने नशीली दवाओं का दुरुपयोग पर अपने विचार प्रस्तुत किए




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** रोटरी क्लब हिसार द्वारा निकटवर्ती गांव बगला के सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्थान मोगा देवी मिंडा मेमोरियल स्कूल बगला, हिसार में हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता कनिष्ठ एवं वरिष्ठ दो वर्गों में रखी गई जिसमें छठी से आठवीं तक के छात्रों को कनिष्ठ वर्ग तथा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों को वरिष्ठ वर्ग में रखा गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी क्लब के अध्यक्ष योगेश मित्तल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदीप कुमार गुप्ता ने शिरकत की। प्रतियोगिता का आरंभ वाणी की देवी शारदा मां के चित्रपटल सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया। विद्यालय के प्राचार्य मैथ्यू वर्गिस ने भी अगंतुग महानुभावों को रोपण हेतु पौधा प्रदान कर उनका स्वागत करते हुए प्रतियोगिता का प्रारंभ किया गया इस प्रतियोगिता में विद्यालय के 16 छात्रों ने प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम कनिष्ठ वर्ग के छात्रों ने भाषण के विषय 'श्रृंखला तोड़ो -नशे की लत व उसकी सामना करती छाया का' तथा वरिष्ठ वर्ग का विषय नशे का मनोवैज्ञानिक दुष्प्रभावः नशीली दवाओं का दुरुपयोग पर अपने विचार प्रस्तुत किए जिसमें कनिष्ठ के प्रतिभागियों में कक्षा आठवीं की छात्रा दीक्षु ने प्रथम स्थान, रोहित ने दूसरा तथा कक्षा छठी की छात्रा सुनिधि ने प्राप्त किया वरिष्ठ वर्ग में कला संकाय की छात्रा मानसी ने प्रथम,रूपेंद्र ने द्वितीय तथा कक्षा दसवीं के छात्र पवन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर्ता प्रतिभागियों को रोटरी क्लब की ओर से प्रमाणपत्र सहित ट्रॉफी प्रदान की गई साथ ही प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने प्रतिभाग करने वाले छात्रों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता का संदेश दिया तथा छात्रों को नशे के खिलाफ अपनी आत्मशक्ति दृश्संकल्प के साथ इसका सामना करने का भी संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य मैथ्यू वर्गिश ने आए महमानों का धन्यवाद करते हुए भविष्य में इस प्रकार के जागरूकता अभियान कार्यक्रम को करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक वर्ग व रोटेरियन उपस्थित रहे।

# राजकीय महाविद्यालय हिसार द्वारा 'एनसीसी दिवस' के उपलक्ष में एनसीसी आर्मी विंग गर्ल्स ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** राजकीय महाविद्यालय हिसार की 3 हरियाणा आर्मी विंग गर्ल्स कैडेट्स के द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 20 कैडेट्स ने भाग लिया। 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन आर्मी विंग हिसार से एनसीसी अधिकारी मेजर आकांक्षा पांडे के आदेशानुसार ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इसमें राजकीय महाविद्यालय हिसार की एनसीसी अधिकारी कैप्टन स्नेह लता सहित एनसीसी कैडेट्स ने ब्लड डोनेट किया। कैप्टन स्नेह लता ने बताया की नागरिक अस्पताल हिसार में इस कैंप में महाविद्यालय की आर्मी विंग गर्ल्स की कैडेट्स ने उत्साह से बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी कैडेट्स को फल और जूस वितरित किए गए। यह कार्यक्रम नागरिक अस्पताल के सीनियर मेडिकल अफसर डॉ. सुशील गर्ग के निर्देशन में आयोजन किया गया इसमें रेड क्रॉस सोसाइटी हिसार की ओर से डॉ. नेहा और विपिन कुमार ने सहयोग किया। इस कार्यक्रम में हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी अधिकारी मेजर आकांक्षा पांडे और राजकीय महाविद्यालय हिसार की एनसीसी अधिकारी कैप्टन स्नेह लता ने बताया कि लड़कियों में ब्लड की कमी होती है। इसलिए लड़कियों को विशेष रूप से खान-पान में हरी सब्जियों को खाने में अधिक प्रयोग करना चाहिए। गुड और चना को खाने में प्रयोग करने चाहिए। राजकीय महाविद्यालय हिसार की प्राचार्य डॉ. दीप माला ने बताया कि रक्तदान महादान है। इसलिए रक्तदान सभी को करना चाहिए। आपकी एक रक्त की बूंद किसी का अमूल्य जीवन बचा सकती है। समय-समय पर पर ब्लड डोनेशन करने वाले विद्यार्थियों को अपना वेट भी चेक करवाते रहना चाहिए, ब्लड डोनेशन के लिए यह भी आवश्यक होता है। ब्लड डोनेशन कैंप का सहयोग करने के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी हिसार, नागरिक अस्पताल हिसार और कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डी एस मलिक 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी हिसार संगीता जी.सी.आई. और पी आई स्टाफ राजकुमार का उप प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार ने आभार व्यक्त किया।

# आएगा मेरा सांवरा दिल से बुला के देख.. .. ..

## मंदिर बागडियान, पड़ाव में श्याम जन्मोत्सव पर गायकारों ने रंग जमाया




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** हरियाणा के सबसे प्राचीन मंदिर बागडियान ट्रस्ट, पड़ाव चौक का दो दिवसीय 71वां श्याम जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न हो गया। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान हनुमान प्रसाद ने बताया कि पहले दिन गाजे-बाजे के साथ नगर में रथ यात्रा एवं निशान यात्रा निकाली गई। दूसरे दिन मंदिर प्रांगण में संकीर्तन का आयोजन किया गया। श्याम बाबा का भव्य दरबार लगाया गया। नगर के भजन गायकों के अलावा प्रसिद्ध भजन गायक लविश चुघ, गंगानगर वाले ने श्याम बाबा का गुणगान किया। गाये गये भजनों में जब तक सांसें चलेंगी.. .., मुझे न भुलाना बाबा .. .., आएगा मेरा सांवरा दिल से बुला के देख.. .. आदि शामिल रहे। भजनों पर घंटों तक श्रद्धालु झूमते रहे। देर रात तक चले कार्यक्रम में केक काटकर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता तरुण जैन मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित हुए। अध्यक्षता समाजसेवी योगेश मित्तल ने की। दीप प्रज्जवलन मेयर गौतम सरदाना ने किया। समाजसेवी विपिन गोयल, मोहित बंसल, पूर्व पार्षद सुरेश गोयल, हर्षित गोयल विशिष्ट अतिथि रहे। मंदिर ट्रस्ट की ओर से श्यामलाल अग्रवाल, हनुमान प्रसाद कंसल, हरीश कुमार गर्ग, पवन कुमार गर्ग, मनोज कुमार बागड़ी, राहुल अग्रवाल, अंजनी कंसल, प्रेम कुमार खेड़ा वाले मोहित गोयल, प्रशांत बंसल, आलोक जैन, मनोज गोयल, पवन गोयल, संजय सिंगला, विपिन जैन, विजय कुमार आदि ने अतिथियों को पटका पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर वीरभान बंसल, अशोक गुप्ता, गिरीश अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, ब्रिजेश गर्ग, मनीश, अंशु अग्रवाल, काव्यांश अग्रवाल, कृष्ण गाबा आदि भी उपस्थित रहे।

# विश्वास हॉस्पिटल द्वारा लाडवा में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में 120 लोगों ने करवाई नेत्र जांच, आयुष्मान भारत योजना की दी जानकारी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** सामाजिक सरोकारों से जुड़े विश्वास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा गांव लाडवा में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में लाडवा व आसपास के क्षेत्रों के 120 लोगों ने लाभ उठाया। शिविर के दौरान आयुष्मान भारत योजना की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत विश्वास अस्पताल में निशुल्क ऑपरेशन व इलाज की समुचित व्यवस्था है। इसलिए कोई भी आयुष्मान कार्ड धारक विश्वास अस्पताल में इस योजना का लाभ ले सकता है। विश्वास अस्पताल के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने शिविर के दौरान ग्रामीणों की नेत्र जांच करके उन्हें उचित परामर्श दिया और यथासंभव दवाइयां भी फ्री उपलब्ध करवाई गई। जिन लोगों की आंखों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिली उन्हें नेत्र ऑपरेशन करवाने की सलाह दी गई। विश्वास अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी प्रणय अग्रवाल ने बताया कि प्रसिद्ध चिकित्सक स्वर्गीय डॉ. सज्जन सिंह के आदर्शों पर चलते हुए विश्वास अस्पताल में सामान्य रोग, कान, नाक व गला रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, स्किन रोग व मनोरोग सहित विभिन्न रोगों के इलाज की समुचित व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य की अलख जगाने के लिए अस्पताल द्वारा समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करके लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि आजाद नगर स्थित विश्वास हॉस्पिटल में अत्याधुनिक नई मशीनों द्वारा आधुनिक ऑपरेशन थियेटर में बिना चीरा फेको पद्धति द्वारा कैटरेक्ट के ऑपरेशन भी किए जाते हैं।

# हिसार जिले से राज भवन का घेराव करने सैंकड़ों ट्रेक्टर पंचकुला जाएंगे : किसान सभा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर राज भवन, पंचकुला पर 26 से 28 नवम्बर तक किये जाने वाले विशाल प्रदर्शन में हिसार जिले से बड़ी संख्या में किसान सैंकड़ों ट्रेक्टर-ट्रालियों पर सवार होकर जाएंगे। किसान सभा के जिला प्रधान शमशेर सिंह नम्बरदार व तहसील सचिव रमेश मिरकां ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि देश के प्रधानमंत्री ने किसानों से एमएसपी की गारंटी, बिजली विधेयक 2020-21 वापिस लेने, लखीमपुर खिरी के किसानों को न्याय व दोषियों को सजा मिले, किसान पूर्ण रुप से कर्ज मुक्त, बीमा कम्पनियों की लूट से किसानों को बचाया जाये, बर्बाद फसलों का मुआवजा आदि मांगों को लेकर सरकार ने विश्वासघात किया है। इन सब मुद्दों को लेकर किसान राज भवन का घेराव करके वहां महापड़ाव डालेगा। किसान सभा की हिसार तहसील के प्रधान सूबेसिंह बूरा, सचिव रमेश मिरकां व कमला देवी के नेतृत्व में गांव लाडवा, डाबड़ा, मिरकां, मंगाली, मात्रश्याम, न्यौली, शाहपुर, लांधड़ा, पनिहार, रायपुर, शिकारपुर, ढाणी रायपुर आदि गांवों का दौरा कर राज भवन चलने का आह्वान किया। इन गांवों से मा. ओमप्रकाश सैनी व राजेश के नेतृत्व में ट्रेक्टर-ट्रालियों का जत्था चलेगा। इसी प्रकार आदमपुर से जिला सचिव सतबीर धायल, अनिल बैंदा प्रधान, कपूर सिंह बगला के नेतृत्व में, बरवाला-उकलाना से ईश्वर सिंह ग्रेवाल, सतबीर दौलतपुर, दयानंद ढुकिया, रोहतास राजली के नेतृत्व में जत्था चलेगा। किसान नेताओं ने कहा कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा।

# ओएसजीयू में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी पर करवाई गई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में वीरवार को एप्लाइड साईंस विभाग और रिसर्च एंड इनोवेशन क्लब ने मिलकर विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई। विद्यार्थियों में काफी उत्साह नजर आया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस थीम पर विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक पोस्टर बनाए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए आज के समय में तकनीक की महत्वता पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एन. पी. कौशिक, प्रति-कुलपति डॉ अजय पोदार ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता विद्यार्थियों में सृजनात्मकता लाती है और उन्हे भविष्य के लिए तैयार करती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने जीवन के सभी क्षेत्रों में बदलाव लाया है। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के कुल 54 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चेल्सी ने प्रथम संयम, काजल और कनिका ने द्वितिय व केशव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को उचित पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के एप्लाइड, हैल्थ साईंस और फार्मेसी विभाग के डीन के अलावा सभी शिक्षक, इंचार्ज और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# किसान सघर्ष समिति ने मनाई छोटू राम की जंयती, मालाएं व फूल अर्पित किए



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** हिसार में आईडी आफिस से सामने सर छोटू राम की जंयती पर किसान संघर्ष समिति के लोगो ने छोटू राम की प्रतिमा पर माल्यपर्ण करके उन्हे याद किया। इसी दौरान लड्डू भी बांटे गए। हिसार में छोटू राम जंयती बडे धूम धाम से मनाई गई। हिसार के फुव्वारा चौक पर पिछले काफी दिनो से किसान चौक पर काफी लोग धरने पर बैठे हुए है। किसान सघर्ष समिति के अध्यक्ष दलजीत पंघाल के नेतृत्व मे सभी सर छोटू राम अमर रहे के नारे लगाते हुए प्रतिमा स्थल पर पहुचे और यहां माल्यापर्ण करके किसानो नें पुष्पाजलि अर्पित की। समिति के प्रधान दलजीत पंघाल ने कहा कि सर छोटू राम किसान कमेरे वर्ग के हितैषी थे उन्होंने गरीब लोगों की आवाज को बुलंद किया। उन्होने कहा कि कहा कि इनके किए गए कार्यो को आज तक नही भुलाया जा सकता है। इस मौके पर प्रधान दलजीत पंघाल, रणधीर सिंह विजय मलिक, फूलेश मलिक, राजपाल सिंधु, महावीर दलाल, सीता राम, रघुवीप, बलवाल श्योकंद, सोमवीर भगाना, अमर जीत, संजय धारीवाल,जयप्रकाश वाल्मीकि सूर्य नगर, सोनू टाक, राजू रावत,धर्मवीर जगदीश पूनिया, तेलू राम ढाका, हरि सिंह सूर्य नगर विकास दिलबाग जगवीर, जयवीर, दिलबाग कुमार मनजीत वाल्मीकि दयानंद वाल्मीकि राज राम चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में रक्तदान जागरूकता अभियान




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में रक्तदान जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के लिए 'द इंस्पायर इंडिया (एन.जी.ओ.) से आए हुए सम्नवयक विनेश नागपाल का महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ उर्मिला मलिक ने स्वागत किया व उन्होंने कहा रक्तदान जैसा पुण्य कार्य हम सभी को करते रहना चाहिए। इससे हम लाखों जिंदगियों को बचा सकते हैं। उन्होंने क रक्तदान के लिए उत्साहवर्धन करते हुए रक्तदान के फायदे को भी विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि कॉलेज का प्रथम वर्ष का विद्यार्थी शिवा भी इंस्पायर इंडिया के साथ 2017 से कार्य कर रहा है। नागपाल जी ने विद्यार्थियों को रक्तदान करने के साथ-साथ रक्तदान के लिए समाज के अन्य लोगों को प्रेरित करने का कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने शरीर में रक्त वृद्धि के लिए टिप्स भी दिए। अंत में डॉ रमेश ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी टीचिंग व नॉन टीचिंग सदस्य मौजूद थे।

# हरियाणा के हर नगर निगम में तैनात डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नरों के पदों पर सवाल

## डी.एम.सी. के म्युनिसिपल अथॉरिटी होने बारे नगर निगम कानून में उल्लेख तक नहीं, जॉइंट कमिश्नर के पद के लिए हालांकि किया गया था कानूनी प्रावधान

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के मौजूदा 11 नगर निगमों में कमिश्नर (आयुक्त) के पद पर आई.ए.एस. अधिकारियों को तैनात करने के अलावा वर्तमान में चार नगर निगमों में वरिष्ठ एच.सी.एस. (हरियाणा सिविल सेवा) अधिकारियों को एडीशनल (अतिरिक्त) कमिश्नर के पद एवं 10 में जूनियर एच.सी.एस. को जॉइंट (संयुक्त) कमिश्नर के पद पर भी तैनात किया गया है हालांकि ध्यान देने योग्य है कि इन दोनों पदों को आज तक हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 में म्युनिसिपल अथॉरिटी के तौर पर शामिल ही नहीं किया गया है।

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट और कानूनी विश्लेषक हेमंत कुमार ने बताया कि दो सप्ताह पूर्व 10 नवंबर को ही प्रदेश सरकार द्वारा 2023 बैच के एचसीएस अधिकारी पुनीत को नगर निगम, अंबाला, के. एम. मणि त्रिपाठी को न.नि. पानीपत, नीलम महरा को न.नि. यमुनानगर, करण सिंह भगोरिया को न.नि. फरीदाबाद (बल्लभगढ़) में बतौर ज्वाइंट कमिश्नर तैनात किया गया है। इस प्रकार वर्तमान में प्रदेश में न.नि. गुरूग्राम में 5, न.नि. फरीदाबाद नगर निगम में 3 और अन्य सभी नगर निगमों में भी एक- एक ज्वाइंट कमिश्नर तैनात हैं। इसके अलावा फरीदाबाद, गुरुग्राम, पंचकूला और करनाल नगर निगमों में एक- एक एचसीएस अधिकारी एडिशनल कमिश्नर हरियाणा के पद पर तैनात किया गया है।

हेमंत ने बताया की इसी प्रकार प्रदेश की हर नगर निगम में एक -एक डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर (डी.एम.सी.) भी तैनात हैं जिन्हें जनवरी, 2022 में तत्कालीन शहरी स्थानीय निकाय महानिदेशक द्वारा जारी एक आदेश से जिला स्तर पर एनडीसी (नो ड्यू सर्टिफिकेट) हेतु नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया गया था। डीएमसी का पद, जो हालांकि विभागीय पद अर्थात गैर-आईएएस और गैर-एचसीएस वर्ग का होता है, उसके बारे में भी हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 में उल्लेख तक नहीं किया गया है। इस पद पर नगर निगमों में एग्जीक्यूटिव अफसर (ई.ओ.) के पद से पदोन्नत अधिकारी तैनात किये जाते हैं।

हेमंत ने बताया कि हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 के चौथे चैप्टर (भाग) में, जहां नगर निगम के अंतर्गत म्युनिसिपल प्राधिकारियों (अथॉरिटीज) का उल्लेख है, में केवल नगर निगम कमिश्नर (आयुक्त) के पद का ही उल्लेख है एवं उसमें न एडिशनल कमिश्नर, न जॉइंट कमिश्नर और न ही डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर पद का उल्लेख किया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि वर्ष 2007 में तत्कालीन हुड्डा सरकार ने हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 में संशोधन कर धारा 2 में नई उपधारा 4 ए जोड़कर उसमें जॉइंट कमिश्नर के पद का सन्दर्भ तो डाल दिया था एवं इस सम्बन्ध में जॉइंट कमिश्नर को कम्पीटेंट अथॉरिटी (सक्षम प्राधिकारी) के रूप में एवं नयी धाराएं 408 ए, 408 बी एवं 408 सी डालकर जॉइंट कमिश्नर को कुछ परिस्थितियों में नगर निगम की संपत्ति के सम्बन्ध में आदेश पारित करने एवं उनकी अनुपालना करवाने बाबत शक्ति प्रदान प्रदान की गयी एवं नगर निगम कमिश्नर को जॉइंट कमिश्नर के आदेशों के विरूद्ध अपील सुनने और उनका निपटारा करने सम्बन्धी शक्ति प्रदान की गयी परन्तु ऐसा करते समय 1994 कानून की चैप्टर 4 में उपयुक्त संशोधन कर जॉइंट कमिश्नर के पद को नगर निगम के अंतर्गत म्युनिस्पल अथॉरिटी के तौर पर स्पष्ट करने सम्बन्धी संशोधन नहीं किया गया जिस कारण इस पद की कानूनी मान्यता पर संशय उत्पन्न होता है।

अब ऐसा भूलवश हुआ या किसी अन्य कारण से, यह देखने लायक होगा। ज्ञात रहे कि 14 फरवरी 2007, जब से उक्त संशोधन लागू हुआ तब प्रदेश में केवल एक ही फरीदाबाद नगर निगम थी जिसके बाद से आज तक प्रदेश में दस और नगर निगम स्थापित की गयी है।

हेमंत ने बताया कि हालांकि हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 की धारा 67 में प्रदान शक्तियों का प्रयोग कर राज्य सरकार प्रदेश की नगर निगमों के लिए विभिन्न वर्गों के पद सृजित कर सकती है एवं इसके अंतर्गत डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर और एडीशनल कमिश्नर, नगर निगम का पद भी बनाया जा सकता है परन्तु अगर इस पद पर तैनात अधिकारी को निर्धारित शक्तियां प्रदान कर उसे नगर निगम में म्युनिसिपल अथॉरिटी बनाना है, तो इस बारे में कानून में स्पष्ट उल्लेख अवश्य किया जाना चाहिए अन्यथा डीएमसी आदि के आदेशो और निर्देशों को अदालत में चुनौती दी जा सकती है।

हेमंत ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सवा तीन वर्ष पूर्व अगस्त, 2020 में एक सरकारी नोटिफिकेशन द्वारा डिस्ट्रिक्ट म्युनिसिपल कमिश्नर-जिला नगर आयुक्त, जिसका पदनाम भी संयोगवश डीएमसी होता है, का भी सृजन किया गया था जिसके द्वारा इस पद पर तैनात आईएएस और एचसीएस अधिकारी अपने ज़िले में स्थित सभी नगर पालिकाओं और नगर परिषदों पर प्रशासनिक नियंत्रण रखते हैं हालांकि इस सम्बन्ध में प्रदेश विधानसभा द्वारा वर्ष 2021 में हरियाणा म्युनिसिपल कानून, 1973 में उपयुक्त संशोधन कर उपरोक्त पद को परिभाषित कर शामिल कर दिया था।

# क्यों नहीं अभिभावकों को सरकारी स्कूलों पर भरोसा?



-प्रियंका 'सौरभ'

**हालिया अध्ययन ने पुष्टि की है कि शिक्षा की खराब गुणवत्ता के कारण माता-पिता को सरकारी स्कूलों पर भरोसा नहीं है और वे अपने बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला दिलाना पसंद करते हैं, भले ही इसके लिए उन्हें ट्यूशन और अन्य फीस पर काफी अधिक खर्च करना पड़े। आज देश भर के सरकारी स्कूल गरीबों और अशिक्षितों के बच्चों का सहारा बन गए, जहां उन्हें नौकरशाही और शिक्षक संघों की दया पर रहना पड़ता है। इसके परिणामस्वरूप इन स्कूलों के लिए स्थापित मानकों-पाठ्यपुस्पुतकों की गुणवत्ता और प्रासंगिकता, विद्यार्थियों की उपलब्धियों का निरीक्षण का विकास थम गया। आज नब्बे प्रतिशत से ज्यादा सार्वजर्वनिक खर्च की राशि भारतीय स्कूलों में अध्यापकों के वेतन और प्रशासन पर ही खर्च होती है। फिर भी विश्व में बिना अनुमति अवकाश लेने वाले अध्यापकों की संख्या भारत में सबसे अधिक है। हमारे स्कूलों में अध्यापक आते ही नहीं हैं और चार में से एक सरकारी स्कूल में रोज कोई न कोई अध्यापक छुट्टी पर होता है।**



**-पाठकपक्ष डेस्क-**

आईआईएम अहमदाबाद के शिक्षा का अधिकार संसाधन केंद्र के एक हालिया अध्ययन ने पुष्टि की है कि शिक्षा की खराब गुणवत्ता के कारण माता-पिता को सरकारी स्कूलों पर भरोसा नहीं है और वे अपने बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला दिलाना पसंद करते हैं, भले ही इसके लिए उन्हें ट्यूशन और अन्य फीस पर काफी अधिक खर्च करना पड़े। बच्चों को निजी स्कूलों में भेजने के लिए परिवारों द्वारा बताये गए दो सबसे प्रमुख कारण है - सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता के प्रति असंतोष और पास में कोई सरकारी माध्यमिक विद्यालय का न होना। विद्यालय भी अपर्याप्त बुनियादी सुविधाओं या इसकी खराब गुणवत्ता से ग्रस्त हैं। हालांकि स्कूल भवन, पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन खेल के मैदानों, कंप्यूटरों और रैंप के मामले में स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। इस वजह से सरकारी स्कूल गरीबों और अशिक्षितों के बच्चों का सहारा बन गए, जहां उन्हें नौकरशाही और शिक्षक संघों की दया पर रहना पड़ता है।

इसके परिणामस्वरूप इन स्कूलों के लिए स्थापित मानकों-पाठ्यपुस्तकों की गुणवत्ता और प्रासंगिकता, विद्यार्थियों की उपलब्धियों का निरीक्षण का विकास थम गया। आज नब्बे प्रतिशत से ज्यादा सार्वजर्वनिक खर्च की राशि भारतीय स्कूलों में अध्यापकों के वेतन और प्रशासन पर ही खर्च होती है। फिर भी विश्व में बिना अनुमति अवकाश लेने वाले अध्यापकों की संख्या भारत में सबसे अधिक है। हमारे स्कूलों में अध्यापक आते ही नहीं हैं और चार में से एक सरकारी स्कूल में रोज कोई न कोई अध्यापक छुट्टी पर होता है। शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (एएसईआर) 2022 के अनुसार, बच्चों की सरल अंग्रेजी वाक्यों को पढ़ने की क्षमता कक्षा पांच के बच्चों के लिए 2016 के स्तर पर बनी हुई है (2016 में 24.7 प्रतिशत से 2022 में 24.5 प्रतिशत तक)। 2022 में 68.9 प्रतिशत स्कूलों में खेल का मैदान है, लड़कियों के लिए उपयोग योग्य शौचालयों वाले स्कूलों में 2022 में केवल 68.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, पीने के पानी की उपलब्धता वाले स्कूलों का अनुपात सिर्फ 76 प्रतिशत है।

यूनेस्को की 2021 की भारत के लिए शिक्षा की स्थिति रिपोर्ट के अनुसार : कोई शिक्षक नहीं, कोई कक्षा नहीं, भारत में लगभग 1.1 लाख स्कूल एकल-शिक्षक संस्थाएँ हैं। 2022 में शिक्षकों की औसत उपस्थिति 87.1 प्रतिशत है और पिछले कई वर्षों से औसत छात्र उपस्थिति लगभग 72 प्रतिशत बनी हुई है। सुधार के बावजूद, कुछ क्षेत्रों में लिंग असमानताएँ बनी हुई हैं। नामांकित न होने वाली 15-16 साल की लड़कियों के अनुपात में गिरावट जारी है, जो 2022 में 7.9 प्रतिशत हो गई है। भारत में प्राथमिक स्तर की कक्षा (1-5) में स्कूलों में ड्रॉपआउट की कुल दर 1.5 प्रतिशत है, उच्च प्राथमिक कक्षा (6-8) में 3 प्रतिशत है। माध्यमिक स्तर की कक्षा (9-10) में 12 प्रतिशत के साथ उच्चतम स्थान है जो अभी भी एक बड़ी चुनौती है। 2022 में किसी न किसी रूप में प्रारंभिक बचपन की शिक्षा में नामांकित 3-वर्षीय बच्चों का अनुपात 78.3 प्रतिशत है। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एनसीएफ) को समय-समय पर संशोधित किया जाता है, लेकिन पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता और प्रभावशीलता को लेकर चिंताएं हैं।

उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण 2021-22 पारंपरिक पाठ्यक्रमों की तुलना में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों में कम नामांकन का संकेत देता है। कोविड-19 महामारी ने डिजिटल विभाजन को उजागर किया, जिसमें कई छात्रों के पास ऑनलाइन शिक्षा तक पहुंच नहीं थी। नीति आयोग 2023 के अनुसार, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों का स्कोर अधिक है, जबकि बिहार और झारखंड जैसे राज्यों का स्कोर कम है, जो शिक्षा की गुणवत्ता में असमानताओं को दर्शाता है। कक्षा 1 से 8 तक में सशुल्क निजी ट्यूशन कक्षाएं लेने वाले बच्चों का अनुपात 2018 में 26.4 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 30.5 प्रतिशत हो गया। ये सब बेहद चिंतनीय है। देश और राज्य सरकारों के लिए यह कम लज्जा की बात नहीं है कि जिन कामों को उन्हें खुद करना चाहिए, उनके लिए अदालतों को आदेश देना पड़ता है। प्राथमिक स्कूलों में शिक्षा की बदहाली किसी से छिपी नही है। पूरे देश में सरकारी स्कूलों की स्थिति बहुत खराब है। कई स्कूलों में तो शिक्षक पढ़ाने ही नहीं जाते, जहां जाते हैं वहां वे मन से नहीं पढ़ाते।

इन स्कूलों की दशा सुधारने के लिए बना तंत्र भी लगभग पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। किसी का किसी पर नियंत्रण नहीं है। आज पूरे तंत्र पर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सरकारी प्राथमिक स्कूलों की इस दशा को सुधारने के लिए सभी सरकारी अधिकारियों, निर्वाचित प्रतिनिधियों और न्यायिक कार्य से जुड़े अधिकारियों के लिए यह अनिवार्य कर दिया जाए कि वे अपने बच्चे को पढ़ने के लिए इन्हीं स्कूलों में भेजें। सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों से अधिक आकर्षक बनाने की पहल की जा सकती है अगर पर्याप्त कक्षाएँ, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएँ और मनोरंजक सुविधाएँ सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाये। स्वच्छ पेयजल, क्रियाशील शौचालय और नियमित स्वच्छता जागरूकता अभियान, डिजिटल शिक्षण की सुविधा के लिए कंप्यूटर, टैबलेट और इंटरनेट कनेक्टिविटी तक पहुंच प्रदान की जाए। ओडिशा सरकार का 5टी हाई स्कूल परिवर्तन कार्यक्रम पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी, टीम वर्क और परिवर्तन की ओर ले जाने वाली समयबद्धता की 5टी अवधारणा पर आधारित है।

2021 में लॉन्च किया गया यह कार्यक्रम सभी उच्च विद्यालयों में स्मार्ट और डिजिटल कक्षाओं, ई-पुस्तकालयों, आधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाओं, बेहतर स्वच्छता सुविधाओं और खेल सुविधाओं के रूप में शैक्षिक प्रौद्योगिकी को अपनाने पर केंद्रित है। योग्यता-आधारित भर्ती लागू करना, प्रतिस्पर्धी वेतन प्रदान करना, और व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करना,शैक्षणिक कौशल और विषय ज्ञान को बढ़ाने के लिए नियमित कार्यशालाएँ, सेमिनार और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना, शिक्षकों को प्रेरित करने और उनके प्रयासों को मान्यता देने के लिए प्रदर्शन-आधारित इनाम प्रणाली लागू करना इस दिशा में बेहतरीन प्रयास साबित हो सकता है। एक समग्र दृष्टिकोण को शामिल करना जो संज्ञानात्मक, सामाजिक, भावनात्मक और शारीरिक विकास पर केंद्रित हो। छात्रों को भविष्य में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करने के लिए व्यावसायिक कौशल और उद्यमशीलता प्रशिक्षण को एकीकृत करना,परियोजनाओं, क्षेत्र यात्राओं और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से अनुभवात्मक सीखने को प्रोत्साहित करना, एक स्वागत योग्य और समावेशी वातावरण को बढ़ावा देना जो विविधता का सम्मान करता हो और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देता हो।

विद्यार्थियों की प्रगति पर चर्चा करने और चिंताओं को दूर करने के लिए नियमित अभिभावक-शिक्षक बातचीत को प्रोत्साहित करना, स्वामित्व की भावना को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की गतिविधियों और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में स्थानीय समुदायों को शामिल करना जैसे ओडिशा सरकार का स्कूल अभियान, अपनी तरह की एक अनूठी पहल है जो ओडिशा में सरकारी स्कूलों के सुधार में योगदान करने के लिए पूर्व छात्र समुदाय को प्रेरित और संगठित करने का प्रयास करती है। ओडिशा के आदर्श विद्यालय (ओएवी) मॉडल का उद्देश्य सुलभ, गुणात्मक और सस्ती अंग्रेजी माध्यम शिक्षा प्रदान करके ग्रामीण शहरी अंतर को पाटना है। अब तक ओडिशा के ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों के सभी 314 ब्लॉकों में 315 अंग्रेजी माध्यम के सह-शिक्षा हैं। इन पहलों को लागू करके, हम एक अधिक न्यायसंगत और समावेशी शिक्षा प्रणाली बना सकते हैं, जो प्रत्येक बच्चे को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए सशक्त बनाती है। इसका उद्देश्य सशक्त, सुसज्जित और नैतिक युवाओं की एक पीढ़ी का निर्माण करना है, जो 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हों।

देश में माध्यमिक शिक्षा हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, और इसकी वर्तमान स्थिति से तुलना करते हुए, केंद्र और राज्य सरकारों- दोनों की वार्षिक शिक्षा योजना में इसे प्राथमिकता देकर माध्यमिक शिक्षा पर अधिक नीतिगत ध्यान केंद्रित करने का समय आ गया है। सस्ती माध्यमिक शिक्षा का प्रावधान सुनिश्चित करने हेतु सार्वजनिक निवेश में पर्याप्त वृद्धि होनी चाहिए। शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने, शिक्षकों के प्रशिक्षण, पर्याप्त शिक्षण-अधिगम संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और एक जवाबदेह और पारदर्शी शासन-व्यस्था की संरचना बनाने के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर समान ध्यान दिया जाना चाहिए। इस दिशा में जब तक कठोर उपाय नहीं किए जाते, वर्ष 2030 तक सार्वभौमिक स्तर माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करना दुर्ग्राह्य ही लगता है।

**-प्रियंका सौरभ**

# अग्रोहा मेडिकल में सूचना साक्षरता पर कार्यशाला का आयोजन

## जागरूकता ही डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव की राह : डॉ प्रज्ञा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**अग्रोहा, 25 नवम्बर :** महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में मीडिया एजुकेटर और फैक्टशाला ट्रेनर डॉ प्रज्ञा कौशिक ने फंडामेंटल्स ऑफ इनफॉर्मेशन लिटरेसी विषय पर फिजियोथेरेपी के विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों को गलत और सही जानकारी में अंतर करना और वायरल जानकारी, फोटो आदि का तार्किक विश्लेषण करने के बारें में मार्गदर्शन किया। इस कार्यशाला में फिजियोथेरेपी के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया और डिजिटल लिटरेसी संबंधी भ्रामक जानकारी पर संबोधन सुना।

डॉ प्रज्ञा कौशिक ने बताया कि आज संचार क्रांति के युग में गलत भ्रामक और झूठी सूचनाओं के कारण न केवल अव्यवस्था फैलती है बल्कि देश के लोकतंत्र को भी नुकसान होता है। इसके अतिरिक्त झूठी और भ्रामक सूचनाएं समाज, संस्थान लिए अत्यधिक नुकसानदायक है। उन्होंने कहा कि मीडिया लिटरेसी के जरिए जागरूक होकर हम एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभा सकते हैं और देश के विकास की मुख्य धारा में जुड़ सकते हैं। इसके लिए मीडिया के टूल्स का उपयोग फायदे के लिए करना हमें सीखना होगा। उन्होंने विभिन्न वायरल खबरों की तथ्य जांच का उदाहरण देकर भी विद्यार्थियों को विषय पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रकार के डिजिटल फ्रॉड से बचने के लिए नंबर पर अपनी जानकारी ना साझा करें और ना ही किसी लिंक को खोलकर लालच में फंसकर कोई भी ओटीपी ना दे उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं में जो जितना सजक होगा वह उतना ही सुरक्षित होगा और हैल्थ और मेडिकल लिटरेसी से मरीज़ और उनके परिवर को भी जागरूक किया जाना चाहिए।

इस दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभवों को साझा किया और कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए हर विषय पर अपने विचार रखें। वर्कशॉप की अध्यक्षता प्रिंसिपल कॉलेज ऑफ़ फिजियोथेरेपी डॉ पवन अग्रवाल ने करते हुए कहा कि आज के समय में सूचना साक्षरता गंभीर विषय है। उन्होंने छात्राओं को किताबों और अन्य माध्यम से खबरों को जांचने और सही जानकारी को साझा करने को कहा। इस दौरान उन्होंने डॉ प्रज्ञा कौशिक का धन्यवाद करते हुए कहा कि मेडिकल क्षेत्र में सूचनाओं का बहुत महत्व है और इस प्रकार के विषय पर समय समय पर वर्कशॉप का आयोजन किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर डॉ पवन अग्रवाल, ओएसडी गोपेश शर्मा, डॉ निधि अग्रवाल, डॉ अमित, डॉ अमित शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी अंकित राज शर्मा आदि मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों की प्रतिक्रिया



इस कार्यशाला में डॉ प्रज्ञा कौशिक ने मीडिया लिटरेसी के विभिन्न पहलुओं के बारे में हमें बताया। सोशल मीडिया किया उपयोग करते हुए हम बहुत सी ऐसी बातों से अनजान थे जो हमें नुकसान पहुंचा रही थी लेकिन आज मैं इसके सही उपयोग और अपने स्वजनों को भी मीडिया लिटरेसी के प्रति जागरूक करने का प्राण लेता हूं।

**-विद्यार्थी आशीष**



मीडिया लिटरेसी डिजिटल इंडिया की पहली जरूरत है। आज डिजिटल फ्रॉड के किस्से हर दिन सुनने में आते हैं। ऐसे में डॉ प्रज्ञा द्वारा दी गई जानकारी काफी सहायक है। खासतौर पर उनके द्वारा मिसइंफॉर्मेशन, डिसइनफॉर्मेशन और मॉलइनफॉर्मेशन का अंतर बताना और इनके फैक्ट चेक करने का तरीका बताना काफी सहायक होगा।

**- छात्रा विभाषा**

# हकृवि में 4 से 6 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, ९०० वैज्ञानिक व शोधार्थी होंगे शामिल

## अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, कजाकिस्तान, जापान, मिस्त्र, फ्रांस, जर्मनी, टयूनिशिया, ब्राजील, मोराको सहित अन्य देशों से होंगे शामिल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 4 से 6 दिसंबर को खाद्य और पोषण सुरक्षा, स्थिरता व स्वास्थ्य (न्यूट्री-2023) विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, कजाकिस्तान, जापान, मिस्त्र, फ्रांस, जर्मनी, टयूनिशिया, ब्राजील, मोराको सहित 15 देशों के 900 वैज्ञानिक व शोधार्थी भाग लेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इस तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल वैज्ञानिकों व शोधार्थियों द्वारा वैश्विक पोषण सुरक्षा व स्वास्थ्य के लिए बाजरा, फसल सुधार के लिए पारंपरकि प्रजन्न, जैव प्रौद्योगिकी, जैव सूचना विज्ञान, आनुवंशिक इंजीनियरिंग, फेनोमिक्स, जीनोमिक्स, प्रोटिओमिक्स, कृषि अनुसंधान में मॉडलिंग, सिमुलेशन, फसल कटाई के बाद प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, कृषि प्रौद्योगिकी स्थानांतरण, प्रभाव मूल्यांकन, किसान सशक्तिकरण, खाद्य, और पोषण सुरक्षा के लिए उद्योग संपर्क, कृषि व्यवसाय, कृषि अर्थव्यवसाय के लिए कृषि में महत्वपूर्ण जीवजंतु, जलकृमि, पशुधन, फसल उत्पादन, सूक्ष्मजीवों में जैविक-अजैविक तनाव प्रबंधन के लिए रणनीतियां, स्मार्ट कृषि के लिए मशीनीकरण, गैर-पारंपरिक ऊर्जा संसाधन व डिजिटलीकरण, जलवायु परिवर्तन, टिकाऊपन के लिए संरक्षण कृषि, संसाधन प्रबंधन,



एकीकृत खेती, खाद्य सुरक्षा में कृषि शिक्षा की भूमिका व स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक एवं जैविक खेती विषयों पर गहनता से चर्चा कर मंथन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने बताया कि इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, निजी उद्योगो सहित विदेशी कृषि संस्थाओं से 1125 वैज्ञानिकों व शोधार्थियों ने आवेदन किया था। उनमें से 900 का चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिससे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने वाले वैज्ञानिकों व शोधार्थियों को एक ऐसा मंच मिलेगा, जिससे कि कृषि की चुनौतियों का सामना करने के लिए देश विदेश के वैज्ञानिकों, किसानों, उद्योगपतियों और शोधार्थीयों को एक साथ आने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में उपरोक्त देश के वैज्ञानिक व शोधार्थी अपने विषयों पर व्याख्यान व प्रस्तुति देंगे।

# पंजाब नैशनल बैंक द्वारा अपने पूर्व दिवगंत सैलरी खाताधारक के आश्रितों को प्रदान किया 30 लाख रूपये की आर्थिक सहायता का चेक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय हिसार की मंडल प्रमुख श्रीमती अंजु मित्तल ने बैंक के पूर्व दिवंगत सैलरी खाताधारक संगीता (पत्नी श्री मदन सिंह) के आश्रितों अनीशा (पुत्री) एवं युवराज (पुत्र) एवं खाते के नॉमिनी श्री बाजीनाथ (नाना) को बैंक की सैलरी खाताधारकों के लिए लागू बीमा योजना के अंतर्गत 30 लाख रूपए की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया। दिवंगत खाताधारक संगीता जिंदल इंडस्ट्री, हिसार में नौकरी करती थी, जिनका सैलरी खाता पंजाब नैशनल बैंक की मुख्य शाखा, हिसार में था, जिनकी कुछ समय पहले दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। श्रीमती अंजु मित्तल ने इस दौरान उपस्थित लोगों को बताया कि पंजाब नैशनल बैंक अपने सैलरी खाताधारकों को 30 लाख रूपये से 50 लाख रुपये तक टर्म इंश्योरेंश का कवरेज प्रदान करता है ताकि किसी भी अनहोनी के बाद खाताधारक के आश्रितों को आर्थिक तौर पर सहायता प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि बैंक की यह योजना वेतनभोगी समाज में आर्थिक सुरक्षा और सहारा स्थापित करने की दिशा में एक नेक कदम है। आज की इस भागदौड़ भरी जिंदगी में अब वो समय आ गया है, जब प्रत्येक व्यक्ति का हेल्थ एवं टर्म इंश्योरेंश होना चाहिए। उन्होंने बताया कि पंजाब नैशनल बैंक द्वारा बैंकिंग सेवाओं के साथ-साथ अपने बीमा पार्टनरों के साथ मिलकर आमजन को इंश्योरेंश संबंधी सेवाएँ उपलब्ध करवाई जा रही है। दिवंगत खाताधारक की आश्रित सुश्री अनीशा ने कहा कि इस संकट की घड़ी में पंजाब नैशनल बैंक की यह योजना उनके परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण सहायता बनकर आई है। इस दौरान जिंदल इंडस्ट्री, हिसार से श्री मुकेश जैन, पवन शर्मा, प्रमोद अग्रवाल व दीपक कुमार तथा पंजाब नैशनल बैंक की मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक विजय गाँधी व मंडल कार्यालय से वरिष्ठ प्रबंधक नरेन्द्र शर्मा हिसार उपस्थित थे।

# दी आर्यन स्कूल में गुरु पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** दी आर्यन स्कूल के प्रांगण में गुरु पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा एक के विद्यार्थियों द्वारा एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शब्दों के माध्यम से सिक्खों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के जीवन तथा उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही साथ गुरु पर्व को मनाने का प्रयोजन तथा उसके महत्व को भी दर्शाया गया। गुरु नानक जयंती हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा को मनाई जाती है, इसे प्रकाश पर्व या गुरु पूरब के नाम से भी जाना जाता है. यह पर्व सिक्ख समुदाय के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण माना गया है। एक सुंदर शब्द कीर्तन 'जो माँगे ठाकुर से सोई देवे' तथा प्रभात फेरी के माध्यम से गुरु' नानक जी की शिक्षाओं को जीवंत करने का भरसक प्रयास किया गया। समस्त विद्यार्थियों तथा अध्यापक वर्ग ने बड़ी तन्मयता से गुरु ग्रंथ साहिब जी की अरदास की कार्यक्रम के अंत में हलवे का प्रसाद वितरित करके बच्चों को प्रसाद के महत्व के बारे में भी बताया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमत्ती अनीता भंडारी तथा ज्वाइंट डायरेक्टर (प्राइमरी विंग) श्री मत्ती कामना तिवारी ने सभी विद्यार्थियों व अध्यापकवर्ग को गुरू पर्व की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरूनानक जी द्वारा दी गई शिक्षाओं के बारे में बताते हुए सदैव सच्चाई व ईमानदारी से जीवन यापन करने की सीख दी क्योंकि मेहनत व ईमानदारी से की गई कमाई व अर्जित पूंजी ही वास्तवाकि पूंजी है।

# आर्ट ऑफ लिविंग सुदर्शन क्रिया फ़ॉलोअप का आयोजन रविवार प्रात: किया जाएगा : नीरज गुप्ता

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** आर्ट ऑफ लिविंग हिसार इकाई द्वारा दिनांक 26 नवम्बर, रविवार प्रातः 6:30 से 8:30 बजे तक साधकों को आध्यात्मिक पथ पर आरूढ़ रखने हेतू योग, ध्यान तथा गुरु-ज्ञान जैसे दिव्य गुणों से सुसज्जित परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी की पवित्र वाणी में दिव्य- सुदर्शन क्रिया फ़ॉलोअप का आयोजन किया जाएगा। कल का सत्र दो स्थान - भारत माता मंदिर एवं आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस सेंटर, मकान नं. 3222, सेक्टर-14, पार्ट- 2 में आयोजित किया जाएगा जिसका संचालन स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता एवं सुरेश जैन करेंगे। नीरज गुप्ता ने बताया कि सुदर्शन क्रिया वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित एक श्वसन तकनीक है, जिससे विश्व भर के 45 करोड़ से भी अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। जिन्होंने आर्ट ऑफ लिविंग पार्ट 1 कोर्स या यस प्लस कोर्स पूरा किया हैं, उन सभी सदस्यों के लिए संपूर्ण विश्वभर में आर्ट ऑफ लिविंग के केन्द्र साप्ताहिक सत्र आयोजित करते हैं ।


**Name Change**

I, Ajay Pal S/o Sh. Dharam Pal R/o H. No. 88, DC Colony, Hisar, Haryana declare that I have changed my name from Ajay Pal Poonia to AJAY PAL for all future purpose.

- Deponent

**किराए हेतु खाली**

Ist Floor, 2BHK, Store and Big Terrace in Pash Area of M.C. Colony, Hisar.
House Rent : 12500/-
Contact No. :
9996024526




**Name Change**

I, Suman Verma W/o Sh. Deven Verma R/o H. No. 65, Near Barwala Road, Sunder Nagar, Hisar, Haryana declare that in my educational documents my name is mentioned as Suman. I want to change my name from Suman to SUMAN VERMA for all future purpose.

- Deponent

**डॉ. बलबीर सैनी**
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स
व गुप्त रोग विशेषज्ञ
**बलबीर हस्पताल**
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक,
बड़वाली ढाणी,
निकट हनुमान मंदिर, हिसार
92156-88573


# रोटरी क्लब द्वारा स्कूली बच्चों की नशा मुक्त भारत पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 26 नवम्बर को सनसिटी में



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** रोटरी क्लब हिसार द्वारा स्कूली बच्चों की प्रतियोगिता का आयोजन 26 नवम्बर को सनसिटी मॉल के प्रांगण में किया जाएगा। रोटरी क्लब हिसार के प्रधान योगेश मित्तल व प्रोजेक्ट चेयरमैन अनय मित्तल ने एक जानकारी में बताया कि रोटरी हिसार के सदस्य, गत दो महीने से नशे के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए, नगर के स्कूलों में जा कर बच्चों को 'नशा मुक्त हो देश हमारा' अभियान के तहत नशे के खिलाफ प्रेरित कर रहे थे व इसी अभियान पर बच्चों की भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कर उन्हें प्रशंसा-पत्र से समानित भी कर रहे थे। इस अभियान में सभी विद्यालयों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया, तथा विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उचित परिचय दिया। इसी अभियान के तहत सभी युवाओं को आजीवन नशामुक्त रहने की प्रतिज्ञा भी दिलवाई गई। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले बच्चों की बड़े स्तर पर 26 नवम्बर को सनसिटी मॉल में प्रतियोगिता का आयोजन रहेगा जिसमे नगर के लगभग 15 स्कूलों के बच्चे भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को स्मृति चिह्न व प्रशंसा पत्र से समानित किया जाएगा। एडीजीपी हिसार मंडल श्रीकांत जाधव एवम डिस्ट्रिक्ट सेशंस जज दिनेश मित्तल भी इस अभियान से खुश होकर, इस दिन बच्चों को अपना आशीर्वाद देने वहां उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर रोटरी के सभी सदस्य तथा सभी स्कूल प्रिंसिपल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

**डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सभा, हिसार**

**चुनाव अधिसूचना**

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सभा हिसार के सभी कालेजियम प्रतिनिधियों को सूचित किया जाता है कि इस सभा की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का द्विवार्षिक चुनाव दिनांक 17.12.2023 को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक डॉ. बी.आर. अम्बेडकर छात्रावास, सैक्टर 16-17, हिसार में करवाए जाएंगे।

**चुनाव कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| 1. नामांकन पत्र | दिनांक 10-12-23 प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक |
| 2. क) नामांकन पत्रों की जांच | 11.12.23 सुबह 10 बजे से 11 बजे तक |
| ख) नामांकन वापसी | 11.12.23 सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक |
| ग) चुनाव चिन्ह वितरण | दोपहर 1 बजे |
| 3. मतदान/मतगणना/ परिणाम | दिनांक 17.12.23 प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक वोटिंग होगी। उसके तुरन्त बाद मतगणना व परिणाम घोषित किया जाएगा। |
| 4. सिक्योरिटी राशि | प्रधान पद के लिए 5000/- रुपए, उपप्रधान, महासचिव व कैशियर पद के लिए 3000/- रुपए (प्रत्येक) चुनाव उपरांत सिक्योरिटी वापिस नहीं होगी। |

नोट : चुनाव सिर्फ प्रधान, उपप्रधान, महासचिव, कैशियर के पद हेतु करवाया जाएगा।

दिनांक : 24.11.2023 — रिटर्निंग अधिकारी, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सभा, हिसार

# कबीर फैंस का दिल जीत रहे हैं अपने चुलबुले ट्रैक्स से

**पाठकपक्ष न्यूज**

**करनाल, 25 नवम्बर :** ब्लेंड ऑफ ब्वॉय नैक्स्ट डोर लुक्स और आकर्षक स्क्रीन व्यक्तित्व एवं शानदार वोकल रेंज के साथ प्रतिभाशाली कबीर अपने फैंस का दिल जीतने के लिए अपना लेटेस्ट ट्रैक ''बिल्लो रानिये'' लेकर आए हैं। अपनी अद्वितीय और आकर्षक आवाज़ के साथ यह गीत श्रोताओं को एक चुलबुला और प्यारभरा अनुभव प्रदान करता है। ''बिल्लो रानिये'' संगीत की एक उत्तम रचना है, जिसमें दो प्रेमियों के बीच का मोहक समीकरण पेश किया गया है, जो श्रोताओं के दिलों में उतर जाएगा। कबीर ने हाल ही में अपना सिंगल ''जादूगरियाँ'' रिलीज़ किया, जिसे रील्स में फैंस ने बहुत सराहा। यह इंस्टाग्राम पर तेजी से ट्रेंड होने लगा और कबीर के फैंस की संख्या बहुत बढ़ गई। ''जादूगरियाँ''



के बाद ''बिल्लो रानिये'' में मानवीय भावनाओं और संबंधों की बारीकियों को पेश किया गया है। इस गीत के बोल में नोंक-झोंक, चुटकुले, और रहस्यों का खुलासा है, जिसके कारण यह प्रेम का सच्चा सार प्रस्तुत करता है। कबीर ने गीत के बोलों में भावनाओं की गहराई जोड़ दी है, जिससे इन त्योहारों पर इस चुलबुले गीत का निर्माण हुआ है। अर्थपूर्ण बोल एवं पंजाबी पॉप के मिश्रण के साथ ''बिल्लो रानिये'' पूरी दुनिया के दर्शकों की पसंद के अनुरूप है, इसलिए यह संगीत के संपूर्ण स्पेक्ट्रम में काफी सफल हो रहा है। इस गीत के बारे में कबीर ने कहा, ''मेरा मानना है कि बिल्लो रानिये प्यार की चुलबुली और मोहक दुनिया का सफर है। इस गीत के बोलों और मधुर धुन के माध्यम से मैंने संगीत के ऐसे अनुभव का निर्माण करने की कोशिश की है, जो श्रोताओं के दिलों में उतर जाए, उनके चेहरों पर मुस्कान ला दे, और उन्हें केवल खुशी प्रदान करे, साथ ही पंजाब की मौलिकता से भी जुड़ा रहे। मुझे उम्मीद है कि श्रोता ''बिल्लो रानिये'' के साथ इस खुशनुमा अनुभव का उतना ही आनंद लेंगे, जितना मुझे इसे बनाने में मिला है।'








**WORK FROM PHONE**

Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :
7027924000

# हरदीप सिंह पुरी ने किया महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज के ऑडिटोरियम का उद्घाटन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में नवनिर्मित बहुउद्देशीय सभागार अनावरण उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर आनलाइन माध्यम द्वारा केंद्रीय आवास व शहरी मामलों और पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी उपस्थित हुए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री संदीप कुमार गुप्ता, सीएमडी गेल व श्री ए. के गुप्ता, एम.डी- सीईओ, पएलएल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय परंपरा अनुसार दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर दिल्ली से प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ अशोक मित्तल, उनकी धर्मपत्नी उर्मिल मित्तल, सीए श्री संजीव मितला, श्रीमती सुषमा मित्तल व सीए अंकुर मित्तल भी विशेष रूप से पधारे। महाविद्यालय चेयरमैन श्री भारत भूषण प्रधान ने कार्यक्रम में पधारे सभी माननीय अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि आज इस बहुउद्देशीय सभागार अनावरण उत्सव पर बहुत खुशी महसूस हो रही है कि इस आडिटोरियम ने आस पास की बेटियों को शिक्षित करने के लक्ष्य में हमें एक कदम और आगे बढ़ा दिया है। इस वृहद सुविधा के कारण हमारा महाविद्यालय ग्रामीण परिवेश में सबसे बेहतरीन महाविद्यालयों में गिना जाएगा। केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने अपने आनलाइन संबोधन में महाविद्यालय को इस अद्भुत बहुउद्देशीय सभागार के निर्माण के लिए बधाई दी और कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से स्वयं भी आकर कॉलेज के वातावरण को निहारना चाहते हैं। इस कार्यक्रम में मंच संचालन महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल प्राचार्या डॉ सरिता शर्मा ने किया। इस मौके पर इंटर जोनल युवा महोत्सव 2023 में अद्भुत प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शमीम शर्मा ने कहां कि इस मल्टीपरपज ऑडिटोरियम में साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के अलावा इंडोर गेम्स का प्रबंध किया जा रहा है और अब छात्र समूह बैडमिंटन, जूडो, कबड्डी, बॉक्सिंग आदि इंडोर खेल की सुविधा का आनंद लेंगे। डॉ शर्मा ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, गेल तथा पीएलएल का अपार सहयोग देने पर धन्यवाद किया और साथ ही इस कार्यक्रम में दिल्ली से पधारे सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ नीलम प्रभा, स्कूल प्रबंधक डॉ अज़ीज़ प्रधान, स्कूल स्टाफ, कॉलेज स्टाफ, स्कूल व कॉलेज विद्यार्थियों ने भारी संख्या में शिरकत की।

# भारत के नव जागरण के पुरोधा थे महर्षि दयानंद सरस्वती : बलबीर आर्य



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** आर्य समाज लाल लाजपतराय चौक नागोरी गेट के 137वें वार्षिक उत्सव की बैठक आज प्रातः यज्ञ-हवन से प्रारंभ हुई। इस अवसर पर आमंत्रित वैदिक विद्वान प्रोफेसर डॉ. बलबीर आर्य ने अपने प्रवचन में बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने आधुनिक भारत के पुनर्जागरण में अभूतपूर्व योगदान दिया। उन्होंने ही सर्वप्रथम 1875 में सत्यार्थ प्रकाश में देश को स्वतंत्र कराने की घोषणा की थी। अमर शहीद सरदार भगत सिंह के दादा सरदार अर्जुन सिंह पंजाब में सबसे पहले आर्य समाज में दीक्षित हुए थे और देश को आजाद कराने के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया। देश की आजादी के लिए अपना बलिदान देने वाले पंडित रामप्रदसाद बिस्मिल, अश्फाक उल्ला खां, श्याम जी, श्री कृष्ण वर्मा आदि सभी महर्षि दयानंद से प्रभावित थे। शेर-ए-पंजाब लाला लाजपतराय आर्य समाज के 137वें वार्षिक उत्सव पर कलकत्ता से आए डॉ. कैलाश कर्मठ ने बताया कि अमर शहीद लाल लाजपत राय महर्षि दयानंद को अपना धर्मपिता और आर्य समाज को धर्म माता मानते थे। उन्होंने आर्य समाज हिसार की स्थापना की थी। आर्य समाज और महर्षि दयानंद ने ही सर्वप्रथम दलितोद्धार, महिला शिक्षा और समाज सुधार का कार्य किया था। भजनोपदेशक कैलाश कर्मठ ने ईश्वर भक्ति के भजन में मधुर स्वर में गाया कि 'बावरे मनवा क्यूं न प्रभु की याद आती है, प्रभु तो तेरा ही साथी है।' यज्ञ के यज्ञमान प्रधान चौ. हरिसिंह सैनी थे तथा यज्ञ का संपादन कर्मवीर शास्त्री ने किया। मंच संचालन स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती ने किया। सत्संग में सर्वश्री चौधरी हरि सिंह सैनी, नरेंद्र मिगलानी, देवेंद्र सैनी, दलबीर आर्य, नंदलाल चौपड़ा, सुरेंद्र रावल, बलराज मलिक, सतेंद्र रावल, प्रेम गाबा, चेतराम सैनी, राधेश्याम आर्य, रामकुमार आर्य, अशोक गौतम, बलवंत आर्य, रतन सिंह आर्य, चिरंजीलाल, राजपाल, ईश आर्य, सुभद्रा देवी, गीता मित्तल, ललिता शास्त्री, लाजवंती खन्ना, सुरेश मदान, आचार्य सत्यकाम आर्य, प्रमोद योगार्थी, सूर्यदेव वेदांशु, कुलदीप ग्रोवर, श्याम, मांगेलाल आर्य आदि उपस्थित रहे।

# आर. पी. एस. ओलम्पियाड की निर्धारित तिथि 25 नवंबर से बढ़ाकर 3 दिसंबर की

## जूनियर केबीसी में पहुंच चुका है आर.पी.एस. का छात्र, प्रसारण 27 व 28 को




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 25 नवम्बर :** राष्ट्रीय स्तर पर किए जाने वाले आर.पी.एस. ओलम्पियाड की निर्धारित तिथि 25 नवंबर से बढ़ाकर 3 दिसंबर कर दिया गया है। जब से आर.पी.एस. ओलम्पियाड शुरू हुआ है, तब से अभिभावक व छात्र प्रतिवर्ष इसका इंतजार करते हैं। इसके ओर इंतजार करने का कारण चुनाव प्रक्रिया व अभिभावकों का अनुरोध रहा। कुछ अभिभावक किसी कारणवश अपने बच्चे का रजिस्ट्रेशन करवा नहीं पाए। अतः तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है। ज्ञात हो कि पूरे भारवर्ष से किसी भी विद्यालय में कोई भी छात्र, जो तीसरी कक्षा से ऊपर है, आर.पी.एस. ओलम्पिया डमें अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। प्रतिवर्ष छात्रों का जनसैलाब इस ओलम्पियाड में भाग लेता है और अनेक पुरस्कार जीतकर जाते हुए अपनी बुद्धि की परीक्षा लेते हैं। इसी जनसैलाब से निकलकर आर.पी.एस. में शिक्षा प्राप्त करने आया एक छात्र अध्यापकों का मार्गदर्शन पाकर जूनियर केबीसी तक पहुंच चुका है। इसका सीधा प्रसारण 27 व 28 नवंबर को किया जाएगा। छात्र अब तक अपने 16वें प्रश्न तक पहुंच चुका है। आर.पी.एस. जहां सपने दिखाता है और सपनो को ऊँची उड़ान भरने में भी सहायता करता है।

# अशोक मंगालीवाला ने हांसी में पार्षदों से मुलाकात करके अपने विचार किए साझा

## कहा- विभिन्न सेवा प्रकल्प संचालित करके समाज हित का किया जा रहा कार्य



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने हांसी के नगर पार्षदों व जिला परिषद सदस्यों के साथ बैठक करके अपने विचार साझा किए। हांसी में आयोजित बैठक में पार्षद अजय सैनी, नितेश शर्मा, बलवान, राजकुमार, डॉ. राहुल, विनोद सिंगला, सुभाष चंद्र, रविंद्र शर्मा, देवेंद्र मुवाल व गुरविंद्र सिंह सहित जिला पार्षद मीनाक्षी एवं पूर्व जिला पार्षद रेणु बाला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर अशोक मंगालीवाला ने कहा कि वे समाज हित के कार्यो के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इसलिए बहुत से सेवा प्रकल्प भी संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में शौचालयों का निर्माण करवाकर जनता को राहत प्रदान करने का काम किया गया है। इसके साथ-साथ गोसेवा, स्वास्थ्य सेवा व विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएं चलाई गई हैं। इसके अतिरिक्त युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। रोजगार दिलवाने की मुहिम का असर दिखने लगा है और इसके सकारात्मक परिणामस्वरूप बहुत से युवा रोजगार प्राप्त कर चुके हैं। अशोक मंगालीवाला ने हांसी में मेहंदा के सरपंच विजेंद्र शर्मा के घर, धर्मपुरा व तोशाम में आयोजित चाय कार्यक्रमों व बैठकों में भी हिस्सा लिया।

# सरकारी स्कूलों को बंद करना चाहती है भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार : किरमारा




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** सरकारी स्कूलों की खस्ता हालत को लेकर हाईकोर्ट द्वारा हरियाणा सरकार को फटकार लगाना व 5 लाख का जुर्माना भी लगाए जाने से भाजपा-जजपा सरकार गठबंधन सरकार की असलियत एक बार फिर उजागर हो गई है। यह बात आज आज आदमी पार्टी के जिला ग्रामीण प्रधान दलबीर किरमारा ने एक बयान जारी कर कही। बयान में उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार की शिक्षा विभाग से एफिडेविट के माध्यम से स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की कमी के बारे में विस्तार से जानकारी मांगी थी जिसके जवाब में जो आंकड़े व तथ्य पेश किए गए वो चौंकाने वाले हैं। शिक्षा विभाग द्वारा दिये गए एफिडेविट के मुताबिक हरियाणा के 131 सरकारी स्कूलों में पीने के पानी की सुविधा नहीं है, 236 स्कूलों में बिजली कनेक्शन ही नहीं हैं, 538 स्कूलों में लड़कियों के शौचालय नहीं हैं और 1047 स्कूलों में लड़कों के शौचालय नहीं हैं। इसके अलावा कोर्ट को बताया गया कि छात्रों के लिए 8240 क्लासरूम की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार के आंकड़ों से साफ हो गया है कि सरकार आम व गरीब बच्चों की पढ़ाई की कोई चिंता नहीं है और वह सरकारी स्कूलों को बंद करना चाहती है। ग्रामीण जिला प्रधान दलबीर किरमारा ने कहा कि हरियाणा की जनता भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की नीयत और नीति से परेशान हो चुकी है अब जनता को नए विकल्प की तलाश है जनता ने कांग्रेस और भाजपा को आजमा कर देख लिया है और जनता बखूबी समझ चुकी है कि ये दोनों पार्टियां आम जनता का भला नहीं कर सकती। इसलिए जनता इस बार आम आदमी पार्टी को मौका देने का मन बना चुकी है।

# न्यू इंडिया कान्वेन्ट स्कूल के नन्हें मुन्नों की अभिव्यक्तियों ने किया भावविभोर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** न्यू इंडिया कान्वेन्ट स्कूल में शनिवार को विभिन्न विषयों पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के नन्हें मुन्नों ने अपनी प्रतिभा का बेजोड़ प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम के बच्चों ने 'जल है तो कल है' तथा कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों ने 'पेड़ बचाओ पेड़ लगाओ' और कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने 'बिजली बचाओ' विषय पर अपने विचार रखें। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल निर्देशिका निर्मला शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि हमे यह नहीं सोचना चाहिए कि छोटे बच्चे हमें क्या सिखाएंगें। स्कूल के इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में आत्म विश्वास का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में छोटे छोटे बच्चों की अभिव्यक्ति बड़े वक्ताओं पर भारी है। प्रतियोगिता के दौरान विषयानुगत परिधानों व नारे लिखी पट्टियों से सुसज्जित विधयार्थियों का जोश देखते ही बनता था। बच्चों के शिक्षाप्रद भाषणों से उपस्थित सभी अध्यापक भी अभिभूत थे। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर कक्षा प्रथम में संध्या, आर्यन ओर मनप्रीत तथा कक्षा दूसरी में ईशान, रिया, आशु व मयंक विजेता रहे। इसी तरह कक्षा तीसरी में अनुष्का, प्रेक्षा व प्रगति विजेता रही। प्रधानाचार्या कला बिश्नोई व निर्देशिका निर्मला शर्मा ने कक्षा अनुरूप विजेताओं को सम्मानित किया।

# गुरु पर्व के उपलक्ष्य में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 20 जरूरतमंद लोगों के लिए फ्री नेत्र ऑपरेशन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** स्वास्थ्य व सामाजिक सरोकारों की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में गुरु नानक जयंती (गुरु पर्व) के उपलक्ष्य में शिविर लगाकर 20 जरूरतमंद लोगों के नेत्र ऑपरेशन निशुल्क किए गए। इन नेत्र ऑपरेशन में समाजसेवी निर्मल गावड़िया व शिव कुमार गोयल का विशेष सहयोग रहा। इसी भांति 26 नवंबर को भी शिविर लगाकर आंखों के सफेद मोतियाबिंद के फ्री नेत्र ऑपरेशन किए जाएंगे। इस दो दिवसीय शिविर के लिए बाकायदा निशुल्क पंजीकरण किया गया है ताकि जरूरतमंद लोगों को इस चिकित्सा सेवा का समुचित लाभ पहुंच सके।

# आईडी डीएवी पब्लिक स्कूल (सीनियर सेकेंडरी) के विद्यार्थियों ने मनाया सांप्रदायिक सद्भावना सप्ताह




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 नवम्बर :** आई.डी.डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, डाबड़ा रोड़ हिसार में सद्भावना सप्ताह (19 से 25 नवम्बर) का आयोजन किया गया। इस सप्ताह के अंतर्गत विद्यालय के शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा जरूरतमंद बच्चों के लिए धनराशि एकत्र की गई ताकि उनकी जरूरतों को पूरा किया जा सके। विद्यार्थियों ने अध्यापकों के दिशा निर्देशन में सद्भावना दिवस पर पोस्टर, कविता वाचन व निबंध के द्वारा अपने भावों को प्रकट किया। इसके लिए सप्ताह में एक दिन दौड़ भी रखी गई। इस दौरान बच्चों में मानवता के प्रति अनूठा प्रेम देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें अध्यापकों ने विद्यार्थियों को बताया कि यह सप्ताह हमारे देश के विभिन्न जातियों, धर्मो और संप्रदायों को एक साथ लाने का कार्य करता है क्योंकि हम एक दूसरे से भिन्न होकर भी एक ही हैं और हमारी असली पहचान हमारी राष्ट्रीयता यानि कि हमारा भारतीय होना है। हमारी एकता ही हमारी असली शक्ति है। डी.ए.वी.की सहायक क्षेत्रीय निदेशक श्रीमती सुनीता बहल ने अपने प्रभावी वक्तव्य में यह संदेश दिया कि धार्मिक सद्भाव हमारे महानतम देश की समृद्ध परंपरा रही है। भारतीय संस्कृति और सभ्यता ने विश्व में जो ख्याति और सम्मान पाया है, वह दुनिया के किसी और देश को नहीं मिला है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम गर्ग ने कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्यों में भाग लेने से बच्चों में परोपकार का गुण विकसित होता है।








रस्म-पगड़ी



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय श्रीमती सुनीता सेहरा पत्नी श्री गुलशन सेहरा दिनांक 17.11.2023 को अपनी संसारिक यात्रा पूर्ण करके श्री प्रभु चरणो में विलीन हो गई है। उनकी आत्मिक शांति हेतु रस्म-पगड़ी दिनांक 28.11.2023 (मंगलवार) को होगा।

स्थान - ब्रह्मपुरी कुटिया, शांति नगर हिसार।

समय - दोपहर 12 से 2 बजे तक

शोकाकुल परिवार

गुलशन सेहरा (पति)
मदन लाल सेहरा, सरला सेहरा (जेठ-जेठानी)
औमप्रकाश सेहरा, दर्शना सेहरा (जेठ-जेठानी)
अमन सेहरा (पुत्र)
शीनू, तरूण नागपाल (बेटी-दामाद)

एवम् समस्त सेहरा और नागपाल परिवार

मो0 : 9729119292

ओम शांति, शांति, शांति









प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।